बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

सच की हुंकार    sanskarujala@gmail.com    संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर    सच की हुंकार

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 147    बुधवार 18 सितम्बर 2024, गाजियाबाद    RNI No-UPHIN / 2013 / 50466    पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया


# मैंने सीजेआई के घर पूजा क्या की.......

## कांग्रेस के पूरे ईकोसिस्टम को दिक्कत हो गई : पीएम मोदी



### कर्नाटक में कांग्रेस ने भगवान गणेश की प्रतिमा को कैद कर दिया

भुवनेश्वर (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने जन्मदिन के मौके पर ओडिशा दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने ओडिशा में सुभद्रा योजना की शुरुआत की। इसके अलावा कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीजेआई के घर जाकर गणेश पूजन में शामिल होने के विवाद पर भी पहली बार बयान दिया है। पीएम मोदी ने भुवनेश्वर में कहा कि मैंने गणेश पूजा में हिस्सा लिया......कांग्रेस और उसके पूरे ईकोसिस्टम को दिक्कत हो गई।

पीएम मोदी ने कहा, बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाले अंग्रेजों की नजरों में उस समय भी गणेश उत्सव खटकता था।

आजादी के इतने सालों बाद आज भी समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग पिछले कुछ दिनों से इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणपति पूजन में हिस्सा लिया था।

कांग्रेस पर हमलावार पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक में जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां इन लोगों ने और भी बड़ा अपराध किया। इन लोगों ने भगवान गणेश की प्रतिमा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। पूरा देश उन तस्वीरों को देखकर विचलित हो गया।

ये नफरत भरी सोच, समाज में जहर घोलने की मानसिकता हमारे देश के लिए घातक है, इसलिए ऐसी नफरती ताकतों को आगे नहीं बढ़ने देना है। हमें साथ मिलकर कई बड़े मुकाम हासिल करने हैं। हमें ओडिशा को साथ लेकर नई ऊंचाइयों पर जाना है।

बता दें कि पीएम मोदी ने ओडिशा सरकार की महिला केंद्रित योजना 'सुभद्रा' की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने राज्य में 3,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने राज्य में 2,871 करोड़ रुपये की लागत वाली राष्ट्रीय रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने 1,000 करोड़ रुपये की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी अनावरण किया।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-

# महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सरकार का काम

## उन्हें नाइट शिफ्ट करने से नहीं रोक सकते; विकीपीडिया ट्रेनी डॉक्टर की तस्वीरें हटाए


**कोलकाता।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महिला डॉक्टरों की नाइट ड्यूटी खत्म करने के फैसले पर बंगाल सरकार को फटकार लगाई। सीजेबाई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि आप कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं रात में काम नहीं कर सकतीं? उन्हें कोई रियायत नहीं चाहिए। सरकार का काम उन्हें सुरक्षा देना है। पायलट, सेना जैसे सभी प्रोफेशन में महिलाएं रात में काम करती हैं। कोर्ट ने विकिपीडिया को मृत ट्रेनी डॉक्टर का नाम और तस्वीर हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि रेप पीड़ित की पहचान का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि वह एक हफ्ते के बाद अगली सुनवाई करेगा।

### अस्पतालों में पुलिस होनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर प्राइवेट एजेंसियों के सुरक्षाकर्मियों की नियुक्त पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट पर काम रहे लोगों को 7 दिन की ट्रेनिंग दी जाती है और वे पूरे अस्पताल में





घूमते हैं। इनके जरिए सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि रेप-मर्डर मामले का मुख्य आरोपी भी एक सिविक वॉलंटियर ही है।

बंगाल में 28 सरकारी अस्पताल हैं। वहां 18-23 साल की युवा डॉक्टर काम कर रही हैं। राज्य के 45 मेडिकल कॉलेजों में लड़कियां 12वीं कक्षा के बाद आती हैं। वे बहुत छोटी हैं। उनमें इंटर्न भी हैं। ऐसे में कॉन्ट्रैक्ट पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पूरी तरह से असुरक्षित है। सीजेआई ने कहा कि राज्य सरकार को सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में पुलिस बल तैनात करना चाहिए। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भी प्रोग्रेस काफी स्लो है। वहां 415 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की मंजूरी मिली है, लेकिन अब तक सिर्फ 36 लगे हैं।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 24 सीटों पर आज मतदान

## फर्स्ट फेज में महबूबा की बेटी इल्तिजा समेत 219 कैंडिडेट्स, 110 करोड़पति, 36 पर क्रिमिनल केस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में बुधवार को 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। जिसमें 23.27 लाख वोटर्स शामिल होंगे। फर्स्ट फेज की 24 में से 8 सीटें जम्मू डिवीजन और 16 सीटें कश्मीर घाटी में है। सबसे ज्यादा 7 सीटें अनंतनाग और सबसे कम 2-2 सीटें शोपियां और रामबन जिले की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज में 219 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 9 महिलाएं और 92 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। 110 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं जबकि 36 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इस फेज में मुफ्ती परिवार का गढ़ रही बिजबेहरा सीट भी है। यहां पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। महबूबा और उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद सीएम रह चुके हैं। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में वोटिंग होगी। नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

### अनंतनाग की सबसे ज्यादा 7 सीटों पर वोटिंग

पहले फेज में अनंतनाग की 7, पुलवामा की 4, कुलगाम, किश्तवाड़ और डोडा की 3-3, शोपियां और रामबन की 2-2 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। डोडा, रामबान और किश्तवाड़ जिले जम्मू डिवीजन जबकि अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां कश्मीर डिवीजन में आते हैं। पुलवामा की पंपोर सीट पर सबसे ज्यादा 14 कैंडिडेट हैं। वहीं अनंतनाग की बिजबेहरा सीट पर केवल 3 उम्मीदवारों के बीच में चुनावी लड़ाई है।

# आतिशी बनी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री......

## विधायक दल की बैठक में नाम पर मोहर

**नई दिल्ली।**

दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री आतिशी होंगी। वे दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होगी। वे केजरीवाल कैबिनेट में सबसे प्रमुख मंत्री रही हैं। विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम पर मुहर लगी है। मंगलवार सुबह से आप संयोजक केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास पर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सर्वसम्मति से नए नेता सदन का चुनाव हुआ। आतिशी पंजाबी राजपूत परिवार से ताल्लुक रखती हैं, इतना ही नहीं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं। आतिशी 2020 के विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुनी गई और 2023 में पहली बार केजरीवाल सरकार में मंत्री बनीं। अब सालभर बाद ही 2024 में वे मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। आतिशी को केजरीवाल का करीबी सहयोगी और विश्वासपात्र माना जाता है। वे अन्ना आंदोलन के समय से संगठन में सक्रिय हैं। वर्तमान में उनके पास सबसे ज्यादा मंत्रालयों की जिम्मेदारी है और जब मार्च में केजरीवाल जेल गए, तब से वे पार्टी से लेकर सरकार तक के मसले पर मोर्चा संभाले देखी गई हैं।

### कैसा रहा राजनैतिक सफर

आतिशी साल 2020 में पहली बार कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनीं। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार धर्मवीर सिंह को 11 हजार 393 वोटों से हराया था। आतिशी का जन्म 8 जून 1981 को दिल्ली में हुआ। उनके पिता विजय सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे हैं। आतिशी ने स्कूली शिक्षा नई दिल्ली स्प्रिंगडेल स्कूल से की। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में हिस्ट्री से स्टडी की और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में शेवनिंग स्कॉलरशिप पर मास्टर की डिग्री हासिल की। उन्होंने मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में सात साल बिताए, जहां वे जैविक खेती और प्रगतिशील शिक्षा प्रणालियों से जुड़ीं। उन्होंने वहां कई गैर-लाभकारी संगठनों के साथ काम किया, जहां उनकी पहली बार आप के कुछ सदस्यों से मुलाकात हुई और वो पार्टी की स्थापना के समय ही शामिल हो गईं।

# कर्नाटक में भगवान गणेश की प्रतिमा को पुलिस ने किया जप्त.......हो रही निंदा

**बेंगलुरु।**

गणेश उत्सव के बाद कर्नाटक में गणपति के मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना के बाद गणेश प्रतिमा को ही पुलिस ने जब्त कर लिया है। राज्य में पुलिस के एक्शन से इलाके में तनाव पैदा हो गया है। देश में पहली बार ऐसी तस्वीर देखी गई है, जब किसी धार्मिक कार्यक्रम में भगवान की मूर्ति को जब्त किया गया हो। भगवान गणपति हिंदुओं के आराध्य देव हैं। हिंदुओं में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत गणेश वंदना से की जाती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ मराठी भाषी हैं। अपने आवास पर उन्होंने भी श्री गणेश की स्थापना की। भगवान गणेश की आरती में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में शामिल हुए। जिसकी कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी ने आलोचना की थी। तब कांग्रेस, उद्धव ठाकरे गुट सहित कई नेताओं के इस लेकर बयान भी दिए थे। इस बीच कर्नाटक में गणपति बप्पा की प्रतिमा जब्त किए जाने की कड़ी निंदा हो रही है। क्योंकि आज तक किसी भी भगवान की मूर्ति को इस तरह जब्त नहीं किया गया। देश में 2009 में कांग्रेस की सरकार थी। तब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन थे। प्रधानमंत्री मनमोहन ने गवर्नमेंट हाउस में इफ्तार पार्टी की मेजबानी की और इसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हुए थे। पीएम मोदी की गणपति आरती पर आपत्ति जताने वाले कांग्रेसी मनमोहन सिंह और बालाकृष्णन की उस दूसरी पार्टी के बारे में भूल गए। शिंदे गुट के शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि इसका मतलब है कि कांग्रेस के सरकारी आवास पर होने वाली इफ्तार पार्टी की अनुमति है लेकिन गणेश जी की आरती की नहीं। संभाजी ब्रिगेड की हाल ही में संस्था सालगिरह मनाई गई। कार्यक्रम में इस संगठन के संरक्षक शरद पवार और कोल्हापुर से कांग्रेस सांसद शाहू महाराज भी शामिल हुए। इस दौरान भागवत धर्म की ध्वजा लेने वाले वारकरी संप्रदाय के प्रभु श्री रामचन्द्र और करोड़ों आस्थावानों के आराध्य स्थल स्वामी समर्थ की बहुत ही अभद्र भाषा में आलोचना की गई। स्वामी समर्थ को कम कपड़ों वाला व्यक्ति कहा जाता था, लोगों का यह भी कहना है कि उस वक्त शरद पवार और शाहू महाराज ताली बजा रहे थे।

# राहुल गांधी के लिए आपत्तिजनक व अशिष्ट बयान देने वालों पर लगाए लगाम

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लेकर बीजेपी नेताओं के बयानों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा कि मैं आपसे (पीएम) आग्रह करता हूं कि अनुशासन और मर्यादा लांघने वाले ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं। ऐसे बयानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भारत की राजनीति का पतन होने से रोका जा सके। पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा कि आप अवगत होंगे कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ़ बहुत ही आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयान दिए जा रहे हैं जो निंदनीय हैं।

खड़गे ने आगे लिखा कि मुझे बड़े दुखी मन से कहना पड़ रहा है कि बीजेपी और आपके सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया है, वह भविष्य के लिए घातक है। दुनिया हैरान है कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, बीजेपी शासित यूपी के मंत्री, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को नंबर एक आतंकवादी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में आपकी सरकार में सहयोगी दल का एक विधायक, नेता प्रतिपक्ष की जुबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान कर रहा है। दिल्ली में एक बीजेपी नेता और पूर्व विधायक, उनका हश्र दादी जैसा करने की धमकी दे रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति अहिंसा, से द्भाव और प्रेम के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। इन बिंदुओं को हमारे नायकों ने राजनीति में मानक के रूप में स्थापित किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने अंग्रेजों के राज में ही इन मानकों को राजनीति का अहम हिस्सा बना दिया था। आजादी के बाद संसदीय परिधि में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सम्मानजनक अहसमतियों का एक लंबा इतिहास रहा है। इसने भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता और नेता इस बात को लेकर चिंतित हैं। क्योंकि ऐसी घृणा फैलाने वाली शक्तियों के चलते महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, और राजीव गांधी को शहादत देनी पड़ी है। सत्ताधारी दल का यह राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक इतिहास का अशिष्टतम उदाहरण है। उन्होंने पीएम मोदी से अनुरोध और अपेक्षा की है कि वह अपने नेताओं पर अनुशासन और मर्यादा का अंकुश लगाएंगे। उनसे उचित




आचरण का निर्देश दें। ऐसे बयानों के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारतीय राजनीति का पतन होने से रोका जा सके। कोई अनहोनी न हो। मैं भरोसा करता हूं कि आप इन नेताओं को हिंसक बयानों को तत्काल रोकने के बारे में अपेक्षित कार्यवाही करेंगे।


दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939




## एक राष्ट्र, एक चुनाव कब लागू होगा........शाह ने बता दिया समय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर शाह ने कहा कि हमारी योजना इस सरकार के कार्यकाल के दौरान ही एक राष्ट्र, एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने की है। इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की जोरदार वकालत कर कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से कहा था, देश को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए आगे आना होगा। एक राष्ट्र, एक चुनाव बीजेपी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए प्रमुख वादों में से एक है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग द्वारा सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की संभावना है। वह त्रिशंकु सदन या अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में एकता सरकार का प्रावधान करने की सिफारिश भी कर सकता है।

## सिसोदिया के दबाव में आतिशी को मुख्यमंत्री बना रहे : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी (आप) के आतिशी को नया मुख्यमंत्री चुनने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि मनीष सिसोदिया के दबाव में केजरीवाल को उन्हें मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने से आम आदमी पार्टी का कोई कैरेक्टर नहीं बदलने वाला है। इस पार्टी का कैरेक्टर भ्रष्टाचार है। सचदेवा ने दावा किया कि केजरीवाल किसी और को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। सिसोदिया के दबाव में जिस तरह से उन्होंने कैलाश गहलोत से कई महत्वपूर्ण विभाग छीनकर आतिशी को दे दिए थे, उसी तरह से सिसोदिया के दबाव में ही उन्हें आतिशी को मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है। महिला मुख्यमंत्री के दांव के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देकर सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में कोई पहली बार महिला मुख्यमंत्री नहीं बन रही है। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। लेकिन आप के नेताओं का सबसे बड़ा गुनाह भ्रष्टाचारी होना है और जहां तक महिला सुरक्षा की बात है, इन्होंने महिला सुरक्षा के नाम पर पैनिक बटन घोटाला किया है और उसका हिस्सा आतिशी भी रही हैं। आतिशी बताएं कि दिल्ली की सड़कों की हालत क्या है? मुंडका से नांगलोई तक के आधे घंटे के सफर में ढाई से तीन घंटे लगते हैं। पूरी दिल्ली के सड़कों की हालत ऐसी ही है। उनके पास शिक्षा विभाग भी है। उनके रहते 9वीं कक्षा के एक लाख और 11वीं कक्षा के 54 हजार बच्चों को इसलिए फेल कर दिया गया क्योंकि इन्हें अपने रिकॉर्ड को ठीक रखना है।

## संघ प्रमुख भागवत से मिले राजस्थान के सीएम भजनलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अलवर पहुंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत से मुलाकात की। दोनों के बीच कई विषयों पर भी चर्चा हुई। संघ प्रमुख भागवत अपने चार दिवसीय प्रवास पर अलवर में हैं। वे शुक्रवार शाम को अलवर पहुंचे थे। भागवत से मुलाकात से पहले सीएम भजनलाल ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। दरअसल, इस समय संघ का सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन इन पांच विषयों पर फोकस है। अपने संबोधन में भागवत ने भी स्वयंसेवकों से इन पांच विषयों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया था। संघ के साथ-साथ केंद्र सरकार भी हिंदू संस्कृति और पर्यावरण के विषय पर जोर दे रही है।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। सोमवार देर रात हुए धमाके से आसपास के 6 मकान ढह गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मलबे से 11 लोगों को बाहर निकाला गया। 15 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम स्निफर डॉग की मदद से मलबे में तलाश कर रही है कि कहीं कोई और तो नहीं दबा है। सीएम योगी ने मृतकों को परिजनों को 4-4 मुआवजा देने का ऐलान किया है। हादसा रात 10.10 बजे नौशेरा गांव में हुआ। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आबादी के बीच फैक्ट्री चल रही थी, लेकिन आसपास के लोगों को इसका पता नहीं था। हादसे के बाद पहुंची पुलिस टीम को लोगों ने दौड़ा लिया।

# चीन से आगे निकलता भारत





प्रहलाद सबनानी

अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में चीन की तुलना में भारत की स्थिति में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है जिससे एमएससीआई इंडेक्स में भारत की स्थिति में भी लगातार सुधार दिखाई दे रहा है जो आगे आने वाले समय में भी जारी रहने की सम्भावना है। इस प्रकार, अब भारत, चीन को अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में धीरे धीरे पीछे छोड़ता जा रहा है।

अर्थ के कई क्षेत्रों में आज भी पूरे विश्व में चीन का दबदबा कायम है जैसे चीन विनिर्माण के क्षेत्र में विश्व का केंद्र बना हुआ है। विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) के शेयर बाजार के आकार के मामले में भी चीन का दबदबा लम्बे समय से कायम रहा है। परंतु, अब भारत उक्त दोनों ही क्षेत्रों, (विनिर्माण एवं शेयर बाजार), में चीन को कड़ी टक्कर देता दिखाई दे रहा है तथा हाल ही में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार सम्बंधी इंडेक्स में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

दरअसल पूरे विश्व में संस्थागत निवेशक विभिन्न देशों, विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, के शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने के पूर्व वैश्विक स्तर पर इस संदर्भ में जारी किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण इंडेक्स पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। अथवा, यह कहा जाय कि इन इंडेक्स के आधार पर अथवा इन इंडेक्स की बाजार में चाल पर ही वे इन देशों के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन संस्थागत निवेशकों में विभिन्न देशों के पेन्शन फंड, सोवरेन फंड, निवेश फंड आदि शामिल रहते हैं जिनके पास बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी की उपलब्धता रहती है एवं वे अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं। इस संदर्भ में एमएससीआई इमर्जिंग मार्किट आईएमआई (इन्वेस्तिबल मार्किट इंडेक्स) का नाम पूरे विश्व में बहुत विश्वास के साथ लिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध निवेश कम्पनी मोर्गन स्टेनली ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि इस इंडेक्स में 24 तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) की 3,355 कम्पनियों के शेयरों को शामिल किया गया है। पिछले 15 वर्षों से यह प्रचलन चल रहा है कि इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स (आईएमआई) में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है परंतु धीरे धीरे अब चीन की भागीदारी इस इंडेक्स में कम हो रही है एवं इस वर्ष अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस इंडेक्स में प्रतिशत में चीन की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है और भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ते हुए चीन से आगे निकल आई है और भारत की हिस्सेदारी अब 22.27 प्रतिशत से अधिक हो गई है एवं चीन की हिस्सेदारी कम होकर 21.58 रह गई है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है और इसका आशय यह है कि जो निवेशकर्ता इस इंडेक्स के आधार पर अपना निवेश तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में करते हैं वे अब भारत की ओर अपना रूख करेंगे। दूसरे, पिछले कुछ वर्षों से विदेशी निवेशक भारत से निवेश बाहर निकालते रहे हैं क्योंकि उनको भारतीय शेयर मंहगे लगाने लगे थे। परंतु, अब यह विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रूख करेंगे। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का वेट बढ़ने से इस प्रकार के निवेशक भी भारत में आएंगे ही और भारत में 400 से 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेंगे।

एक अन्य एमएससीआई वैश्विक सूचकांक में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 2 प्रतिशत हो गई है। परंतु, एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इननवेस्टिबल फड इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत से अधिक हो गई है। वैश्विक स्तर पर निवेश करने वाले बड़े फंड्ज का निवेश सम्बंधी आबंटन भी इसी हिस्सेदारी के आधार पर होने की सम्भावना है। इन्हीं कारणों के चलते अब आने वाले समय में भारत के शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अपना निवेश बढ़ाए जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैसे भी चीन की अर्थव्यवस्था में अब विकास दर कम हो रही है क्योंकि पिछले कुछ समय से चीन लगातार कुछ आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। चीन की विदेश नीति में भी बहुत समस्याएं उभर रही हैं विशेष रूप से चीन के अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ राजनैतिक सम्बंध ठीक नहीं हैं। चीन के शेयर बाजार में देशी निवेशक ही अधिक मात्रा में भाग ले रहे थे और वे भी अब अपना पैसा शेयर बाजार से निकाल रहे हैं। इन समस्याओं के पूर्व एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में चीन ओवर वेट था और भारत अंडर वेट था। परंतु, पिछले दो वर्षों के दौरान स्थिति में तेजी से परिवर्तन हुआ है। चीन की अर्थव्यवस्था में आई समस्याओं के चलते चीन का इस इंडेक्स में खराब प्रदर्शन रहा है, उससे चीन की हिस्सेदार इस इंडेक्स में कम हुई है। दूसरा, भारत अपने आप में विभिन्न आयामों वाला शेयर बाजार है क्योंकि यहां निवेशकों को सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा एवं गैस, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, होटेल, बैंकिंग एवं वित्त आदि जैसे लगभग समस्त क्षेत्र मिलते हैं। इसके विपरीत ताईवान के शेयर बाजार में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कम्पनियों की 60 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है, इसी प्रकार, सऊदी अरब में तेल कम्पनियों की 90 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है। इस प्रकार ये देश पूर्णतः केवल एक अथवा दो क्षेत्रों पर ही निर्भर हैं जबकि भारत में विदेशी निवेशकों को कई क्षेत्रों में निवेश का मौका मिलता है। भारत एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था शीघ्र ही पांचवे स्थान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है। भारत में सशक्त वित्तीय प्रणाली के साथ ही सशक्त प्राइमरी मार्केट भी है। भारत में स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है, इन स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों को भी तो वित्त की आवश्यकता है, जिनमें विदेशी निवेशक अपनी पूंजी का निवेश कर सकते हैं। इस प्रकार यह स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियां भी निवेशकों को निवेश के लिए अतिरिक्त बेहतर विकल्प प्रदान कर रही हैं।

साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी का कम्पन भी स्पष्टतः दिखाई दे रहा हैं और भारत में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि हो रही है। भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं इससे भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग में और अधिक वृद्धि होगी तथा इससे विभिन्न कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अधिक वृद्धि होगी और अंततः इन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों को भी भारत में निवेश करने में और अधिक लाभ दिखाई देगा। दूसरे, भारत के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 60 प्रतिशत जनसंख्या का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत तक ही है, इसे बढ़ाए जाने के लगातार प्रयास केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के चलते ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में भी वृद्धि दर्ज होगी। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को उद्योग एवं सेवा के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण इलाकों एवं कृषि क्षेत्र पर जनसंख्या का दबाव कम हो। भारत की जनसंख्या की औसत आयु 27 वर्ष हैं, चीन की जनसंख्या की औसत आयु 40 वर्ष है और जापान की जनसंख्या की औसत आयु 53 वर्ष है। इस प्रकार भारत आज एक युवा देश है क्योंकि भारत में युवा जनसंख्या, चीन एवं जापान की तुलना में, अधिक है जो भारत के लिए, आर्थिक दृष्टि से, लाभ की स्थिति उत्पन्न करता है।। भारतीय युवाओं को यदि रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने लगते हैं तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और अधिक तेज गति से वृद्धि सम्भव होगी। चीन में आज बेरोजगारी की दर जुलाई 2024 में बढ़कर 5.20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो जून 2024 में 5 प्रतिशत थी। वर्ष 2002 से वर्ष 2024 तक चीन में बेरोजगारी की औसत दर 4.75 प्रतिशत रही है। हालांकि फरवरी 2020 में यह 6.20 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई थी। अब पुनः धीरे धीरे चीन में बेरोजगारी की दर आगे बढ़ रही है। जबकि भारत में वर्ष 2023 में बेरोजगारी की दर (15 वर्ष से अधिक आयु के नगरिको की) कम होकर 3.1 हो गई है जो हाल ही के समय में सबसे कम बेरोजगारी की दर है। वर्ष 2022 में भारत में बेरोजगारी की दर 3.6 प्रतिशत थी एवं वर्ष 2021 में 4.2 प्रतिशत थी। इस प्रकार धीरे धीरे भारत में बेरोजगारी की दर में कमी आने लगी है।

कुल मिलाकर अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में चीन की तुलना में भारत की स्थिति में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है जिससे एमएससीआई इंडेक्स में भारत की स्थिति में भी लगातार सुधार दिखाई दे रहा है जो आगे आने वाले समय में भी जारी रहने की सम्भावना है। इस प्रकार, अब भारत, चीन को अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में धीरे धीरे पीछे छोड़ता जा रहा है।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

## संपादकीय

# इस्तीफे का पैंतरा

जेल से छूटने के महज दो दिन बाद ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पद से इस्तीफे का दांव चल कर सभी को चकित कर दिया। चौंकाने वाली बात यह भी है कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी अब अपने पद पर नहीं रहेंगे। स्वाभाविक है कि दिल्ली की जनता को हो सकता है आज नया मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री मिल जाए। बहरहाल, केजरीवाल के इस पैंतरे से राज्य की सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। यही नहीं पड़ोसी राज्य हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी इसका असर पड़ेगा। गौरतलब है कि केजरीवाल को अदालत ने कई सारी कड़ी शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया है। लाजिमी है कि केजरीवाल के लिए ये शर्तें काफी असहज करने वाली रही और मुख्यमंत्री पद से हटने के पीछे यह भी एक प्रमुख वजह हो। हाल के वर्षों में केजरीवाल सरकार के सामने कई समस्याएं दरपेश हुई। इनकी आम आदमी पार्टी के कई विधायक और मंत्री गिरफ्तार हुए। घोटालों के अनगिनत आरोप केजरीवाल सरकार के खिलाफ लगाए गए। मगर हर बार पार्टी इन सबसे पार पाकर आगे बढ़ती रही। एक समय ऐसा भी आया जब हाल ही में संपन्न लोक सभा चुनाव में उन्हें दिल्ली में कांग्रेस का साथ मिला। हालांकि अब ये गठबंधन टूट चुका है, चुनांचे पार्टी को अकेले दम पर न केवल अपने मजबूत किले दिल्ली को बचाना है बल्कि दूसरे राज्यों में भी अपना प्रसार प्रभावी तरीके से करना है। वैसे, यह काफी चुनौतीपूर्ण काज है। इसकी वजह यही दिखती है कि पार्टी लगातार अंदरूनी और बाह्य चुनौतियां का सामना कर रही है। उसके लिए इस वक्त अपनी ताकत, एकजुटता और विपक्ष की घेरेबंदी से बिना किसी झंझट के निकलना बेहद जरूरी है। अगर पार्टी ऐसा कर पाती है तो निःसंदेह वह मनोवैज्ञानिक तौर पर विपक्ष पर हावी हो सकती है। वैसे केजरीवाल का इस्तीफा देने का ऐलान करना जितना चौंकाऊ है, उतना ही दिलचस्प नये मुख्यमंत्री की घोषणा की भी है। आम आदमी पार्टी निश्चित रूप से इस बात को लेकर फ्रिकमंद होगी कि पार्टी की कमान किसे दी जाए। चूंकि केजरीवाल ने नवम्बर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का चुनाव कराए जाने की मांग की है, लिहाजा पार्टी को इसके लिए भी मानसिक तौर पर तैयार होने की जरूरत है। अलबत्ता, फ्री बिजली और पानी के साथ महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कराने का सरकार के निर्णय की भी आने वाले चुनाव में परीक्षा होनी है। क्योंकि अब सबकुछ जनता की अदालत में होना है।

## चिंतन-मनन

# सम्मान करो संपूर्णता से

तुम किसी का सम्मान उसकी ईमानदारी, बुद्धिमत्ता, प्रेम और कार्य कुशलता जैसे सद्गुणों के लिए करते हो परंतु समय के साथ-साथ इन गुणों में परिवर्तन आता है। जिसके कारण तुम उनका सम्मान नहीं कर पाते। तुम केवल सद्गुणों का, महानता का सम्मान करते हो। मैं संपूर्णता से हर एक का सम्मान करता हूं। इसीलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मेरा सम्मान कम नहीं होता। सम्मान पाने के लिए किसी को महान होने की आवश्यकता नहीं। जीवन का सम्मान महान बनाता है। दूसरों से सम्मान की अपेक्षा मत करो। यह कमजोर बनाता है। आत्मा का सम्मान करो। तब कोई तुम्हारे आत्म सम्मान को ले नहीं सकता। जब कोई तुम्हें सम्मान देता है, तो इसलिए नहीं कि तुममे कुछ विशेष गुण हैं। यह उनकी महानता और उदारता के कारण है। यदि तुम कहते हो, ईश्वर महान है, यह तुम्हें महान बनाता है। ईश्वर तो महान हैं ही- तुम्हारे कहने से ईश्वर को कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तुम किसी को सम्मान देते हो, यह तुम्हारी विशालता दशार्ता है। यदि तुम सबका सम्मान करते हो तो उतना अधिक तुम्हारा मोल है। वह ज्ञानी है, जो सबका सम्मान करता है। सम्मान देना उन्नत चेतना का गुण है। आत्मा के प्रति सम्मान निष्ठा है और निष्ठा है उन्मुक्त होना। जिस प्रकार तुम मुझे सम्मान देते हो, उसी तरह सबको सम्मान दो। परंतु जो अपेक्षा तुम सबसे करते हो, वह सबसे मत करो। प्रायः तुम इसका उल्टा करते हो। तुम सबको वह आदर नहीं देते, जो मुझको देते हो पर आशा करते हो कि वे तुम्हें खुशी दें, तुमसे उत्तम व्यवहार करें। जब उनका व्यवहार तुम्हारी अपेक्षानुसार नहीं होता, तब तुम निराश होते हो और उनको दोषी ठहराते हो, उनकी निन्दा करते हो। निन्दा करने से, अभिशाप देने से, तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति क्षीण होती है। आशीर्वाद तुम्हारी आध्यात्मिक शक्ति बढ़ाता है।

# ब्यूरोक्रेसी को परांठे ने दिया बड़ा संदेश!



ऋतुपर्ण दवे


कभी.कभी बहुत मामूली सी बातें न केवल हर कहीं चर्चा का विषय बन जाती हैं बल्कि इतनी भावुक और प्रभावी कर जाती हैं कि पूछिए मत। लेकिन जब मामला विनम्रताए सहजता और गरीब की पोटली में बंधे पराठे खुलवा कर एक टुकड़ा खाने का हो तो दिल को छू ही जाएगी। उसमें भी यदि जिला कलेक्टर और फरियादी का हो तोहर कहीं उदाहरण और चर्चा का विषय बनेगा ही। ऐसा ही एक वाकया उत्तर प्रदेश के औरैया जिले का है जो पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। जहां अपने रुतबे और ठसक के लिए आईएएस.आईपीएस पहचाने जाते हैं वहीं औरेया कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी की इससे विपरीत भूरि.भूरि प्रशंसा हो रही है। हो भी क्यों न उनके दफ्तर में डरा.सहमा सा एक ग्रामीण मजदूर अपनी फरियाद लेकर बहुत दूर से आया। दफ्तर में घुसते ही वहां का माहौल उसे असहज करए घबरा रहा था। लेकिन तुरंत कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उसकी मनोदशा भांपीए पूछा कि घर वापस पहुंचने में देर हो जाएगी तो रास्ते में भूख का क्या इंतजाम हैघ भोले.भाले मजदूर नेहाथ में रखे झोले से पोटली निकाल डरते.डरते दिखाते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने कुछ परांठे बांध दिए हैं। इतना सुनते हुए त्रिपाठी ने कहा कि मैं तुम्हारा काम तभी करूंगा जब तुम मुझे अपना परांठा खिलाओगे!यह सुनते ही मैले.कुचैले कपड़े पहना फरियादी असमंजस में पड़ गया और बहुत हिम्मत कर बोला मैं तो छोटा आदमी हूंए आप कहां मेरे पराठे खाएंगेघ्कलेक्टर त्रिपाठी ने तपाक से कहा कि छोटा.बड़ा कुछ नहींए पराठा खिलाओगे तभीकाम करूंगा।फरियादी ने बड़ी ही झिझक से शमार्ते हुए घर से लाई पोटली में बंधे हुए पराठों को कलेक्टर के सामने खोला और दे दिया।उसमें से एक टुकड़ा लेकर कलेक्टर नेखाना शुरू कर दिया। यह देख उनके साथ बैठे सभी मातहत भीअवाक और हक्का.बक्का रह गए। बाद में फरियादीके घर पर जिला प्रशासन की टीम पहुंची। वहां पता चला कि उसके बड़े भाई लकवाग्रस्त हैं। उनके इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। इसलिए वह अपने हिस्से की जमीन बेचकर भाई का इलाज कराना चाहता है।जमीन बेचने की बात पर तीन भाइयों में विवाद है।प्रशासनिक अमले ने तीनों को साथ बिठाकर बात कराई। भाई के इलाज के लिए सरकारी मदद की प्रक्रिया भी शुरू कर दी और सभी के आपसी गिले.शिकवे दूर हो गए। फरियादी समस्या के समाधान से ज्यादा इसलिए बेहद खुश और भावुक था कि इतने बड़े अधिकारी ने इतना आत्मीय व्यव्हार कर उसके परांठे खाए।

यकीनन यह घटना कल्पना से परे है। ऐसे नजारे देश में गिने.चुने ही हुए होंगे। जिलाए संभागए तहसील तथा हर सरकारी दफ्तर के अधिकारी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। लगभग हर कहीं एक तय दिन पर जन सुनवाईए जनता दर्शन जैसे विभिन्न नामों से सरकार की ओर सेदरबार लगते हैं। दूर दराज से ज्यादातर ग्रामीण व ऐसे लोग जिनकी कोई राजनीतिक पकड़ या जुगाड़ नहीं होतीए सीधे अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लेकिन एक बड़ी हकीकत यह भी कि कितने मामले निराकृत होते हैं या लोगों को संतुष्ट करते हैंए सब जानते हैं। कई जगह तो ठीक से फरियाद तक नहीं सुने जाने की सच्चाई भी सामने आती है। अधिकतर अधिकारी निराकरण के नाम पर महज खाना पूर्ति करते हैं। सीएम हेल्पलाइन जैसी सुविधा भी कुछ राज्यों में है। फोन पर आम जनों से शिकायत लेकर पंजीकरण होता है। जिसे संबंधित जिलेए फिर विभाग को भेजा जाता है। अमूमन शिकायतों को ब्यूरोक्रेसी में बेवजह का बवाल तक समझने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ अन्य राज्यों में तो सीएम हेल्प लाइन या डेस्ककी शिकायतें को बंद कराने के लिए अधिकारियों का दुर्व्यव्हार यहां तक फोन पर धमकाने के भी ऑडियो खूब वायरल हुए। कई जगह बरगला कर झूठे आश्वासन देकर शिकायतें बंद कर दी गईं और जनसाधारण की समस्या वही ढ़ांक के तीन पात जैसी रह गईं।

यह सही है कि अधिकारी जनसाधारण के वाजिब काम और समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए होते हैं। लेकिन देश में भ्रष्टाचार का दीमक इस कदर हर विभाग में जड़ें जमाए हुए है कि लोगों को अपने काम के लिए बिना लेन.देन सफलता नहीं मिलती। भ्रष्टाचार एक रिवाज बन चुका है। देश में ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह से हॉवी है। लोग अपने.अपने काम के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाते हैं और रोजाना भटकते हैंए वहां यह एक मिशाल है। क्या यह रवैया पूरे देश में नहीं हो सकताघ अवैध चढ़ोत्री के दम पर कई लोगों के हकों पर डाका डालने से लेकर नौकरी से लेकर फर्जी दस्तावेजोंए विकलांगता के झूठे प्रमाण.पत्रों से सुपात्रों के हक छीनने और झूठी जानकारी के चलते जन्म तारीख और जाति बदल कर ऐन.केन.प्रकारेण ऊंची नौकरी तक हथियाने की सच्चाई सामने आ चुकी है। पूजा खेडकर का ताजा मामला सामने है। ऐसे में लोग न्याय के लिए किसके पास जाएंघ किससे उम्मीद करें।

कहने को तो सरकार ने कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जनता से जुड़े अधिकारियों के मोबाइल नंबर तक सार्वजनिक हैं। लेकिन यह कितने उठते और सार्थक हैं सब जानते हैं। शासन.प्रशासन में जनता.जनार्दन को सुनने और निराकरण करने वालों को इन्द्रमणि त्रिपाठी से प्रेरणा लेना चाहिए। काशए यह घटनाक्रम एक नजीर के रूप में ब्यूरोक्रेसी की ट्रेनिंग में शामिल होता तो कितना अच्छा होता। बहरहाल अनजाने.अनचाहे ही सहीए आईएएस त्रिपाठी केइस मर्मस्पर्शी व्यव्हार की प्रशंसा तो बनती है।

# एक राष्ट्र : एक चुनाव की गुपचुप तैयारी



राकेश अचल

भारत की सरकार में यदि बहुत कुछ पारदर्शी है तो बहुत कुछ ऐसा भी है जिसे आप गोपनीय कह सकते हैं। सरकार के कामकाज के बारे में केवल चार कानों को ही पता रहता है छठे कान को नहीं । लेकिन आजकल खबरें रिसकर आ रहीं हैं कि सरकार देश में जातीय जनगणना के साथ ही एक राष्ट्र,एक चुनाव के मुद्दे पर भी गोपनीय ढंग से काम कर रही है और किसी माकूल वक्त पर इसकी घोषणा कर सकती है। लेकिन इसके पहले सरकार अपने सभी सहयोगी दलों को भी भरोसे में लेना चाहती है ताकि जातीय जनगणना जैसे विवादास्पद मुद्दे को लेकर अड़चनें पेश न आएं।

एक राष्ट्र,एक चुनाव का विचार नया नहीं है। बल्कि वर्ष 1983 में चुनाव आयोग ने पहली बार इसे प्रस्तावित किया था। हालाँकि वर्ष 1967 तक एक साथ चुनाव भारत में प्रतिमान थे।आपको याद होगा कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव वर्ष 1951-52 में एक साथ हुए थे।इसके बाद वर्ष 1957, वर्ष 1962 और वर्ष 1967 में हुए तीन आम चुनावों में भी यह प्रथा जारी रही। लेकिन वर्ष 1968 और वर्ष 1969 में कुछ विधान सभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह चक्र बाधित हो गया। वर्ष 1970 में लोकसभा को समय से पहले ही भंग कर दिया गया था और वर्ष 1971 में पुनः नए चुनाव हुए थे। इस प्रकार पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पूरे 5 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण किये थे।लोकसभा और विभिन्न राज्य विधानसभाओं दोनों के समय से पहले विघटन और कार्यकाल के विस्तार के परिणामस्वरूप लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं के अलग-अलग चुनाव हुए हैं और एक साथ चुनाव का चक्र बाधित हो गया।

भाजपा सरकार इस पुराने मुद्दे को एक बार फिर गर्म कर रही है और इसके पक्ष में उसने तमाम तर्क भी खोज रखे है। इस समय देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है; दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। भाजपा सरकार में गठित नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं।बताया जाता है कि बिहार जैसे बड़े आकार के राज्य के लिये चुनाव से संबंधित सीधे बजट की लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है। हालाँकि

प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है।एक तर्क ये भी है की चुनावों कि दौरान लागूकी जाने वाली आदर्श आचार संहिता सरकार कि कामकाज को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है। संवेदनशील क्षेत्रों से इन बलों को हटाने और देश भर में जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र द्वारा एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान किया जाता है ।

भाजपा को पता है कि एक देश ,एक चुनाव को लागू करना आसान नहीं है लेकिन पार्टी और सरकार इस विषय को लेकर दूसरे ज्वलंत मुद्दों को पीछे ले जाना चाहती है । आमतौर पर सभी दल इस मुद्दे पर एक राय नहीं होते। अनेक दलों का मानना है कि एक साथ चुनावों को लागू करना लगभग असंभव है क्योंकि इसके लिये मौजूदा विधानसभाओं के कार्यकाल में मनमाने ढंग से कटौती करनी पड़ेगी या उनकी चुनाव तिथियों को देश के बाकी भागों हेतु नियत तारीख के अनुरूप लाने के लिये उनके कार्यकाल में वृद्धि करनी पड़ेगी।कुछ दल मानते हैं कि

ऐसा कदम लोकतंत्र और संघवाद को कमजोर करेगा। एक राष्ट्। एक चुनाव के आलोचकों का कहना है कि एक साथ चुनाव कराने के लिये मजबूर करना लोकतंत्र के विरुद्ध है क्योंकि चुनावों के कृत्रिम चक्र को थोपने की कोशिश करना और मतदाताओं की पसंद को सीमित करना उचित नहीं है। ऐसा माना जाता है कि एक साथ चुनाव से क्षेत्रीय दलों को नुकसान पहुँचेगा क्योंकि एक साथ होने वाले चुनावों में मतदाताओं द्वारा मुख्य रूप से एक ही तरफ वोट देने की संभावना अधिक होती है जिससे केंद्र में प्रमुख पार्टी को लाभ होता है। प्रत्येक 5 वर्ष में एक से अधिक बार मतदाताओं के समक्ष आने से राजनेताओं की जवाबदेहिता बढ़ती है।

भाजपा सरकार के लिए एक राष्ट्र,एक चुनाव लागू करना उतना आसान नहीं होगा जितना की पूर्व में जम्मू-कश्मीर से संविधान का अनुच्छेद 370 हटाना आसान बन गया था । अब संसद में भाजपा की ताकत 2014 और 2019 के मुकाबले 2024 में बहुत कम है और इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि जेडीयू और टीडीपी जैसे दल इस मुद्दे पर आसानी से मान जायेंगे। एक साथ चुनाव की अवधारणा को लागू करने



के लिये संविधान और अन्य कानूनों में संशोधन की आवश्यकता होगी। लेकिन यह बहुत आसान काम नहीं है। एक बात और ये भी है कि एक राष्ट्र,एक चुनाव इस बात की कोई गारंटी नहीं देते की देश में फिर मध्यावधि चुनाव नहीं होंगे । इस समय जिस तरह की गठबंधन सरकारें बनाई जा रहीं हैं उनमें किसी भी सरकार के पूरे पांच साल चलने की कोई गारंटी नहीं है। कभी भी कोई भी राजनीतिक दल अपने विरोधी दल की सरकार को अपदस्थ करने के लिए ऑपरेशन लोटस या दलबदल का सहारा ले सकता है। संविधान में किसी भी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने का विकल्प है सो अलग।

एक राष्ट्र ,एक चुनाव के सन्दर्भ में विधि आयोग का सुझाव भी काबिले गौर है ,जिसके अनुसार अगले आम चुनाव से निकटता के आधार पर राज्यों को वर्गीकृत किया चाहिये और अगले लोकसभा चुनाव के साथ राज्य विधानसभा चुनाव का एक दौर तथा शेष राज्यों के लिये दूसरा दौर 30 महीने बाद होना चाहिये। लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं देता है कि इन सबके बावजूद भी मध्यावधि चुनाव की आवश्यकता नहीं होगी। बहरहाल जो भी है सके बारे में हरियाणा और जम्मो-कश्मीर विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद ही कोई बात आगे बढ़ेगी । अभी तो ये मुद्दा एक सुर्रे से ज्यादा कुछ नहीं है ,

# धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के हरगांव क्षेत्र में जगह–जगह भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने अपने–अपने प्रतिष्ठानों पर विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि०, हरगांव के वर्कशाप में मिल के अधिशाषी अध्यक्ष ए के दीक्षित ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा का पूजन,मशीनों का पूजन,तत्पश्चात हवन किया उसके बाद प्रसाद वितरण किया तथा पूजा में आए हुए समस्त कर्मचारियों तथा अन्य श्रद्धालुओं को खाना खिलाया। मिल परिसर मे इसके अलावा इन्स्ट्रूमेंट विभाग, गन्ना विभाग,पावर हाउस, टरबाइन,पैन हाउस, सेन्ट्री फ्यूगल हाउस,ब्वायलर और मिल हाउस में तथा मिल के ठेकेदारों ने भी अपने अपने औजारों की पूजा अर्चना करके युग शिल्पी से आशीर्वाद लिया।वहीं शुगर मिल के डिस्टलरी डिवीजन में भी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। पूजा करा रहे बिड़ला मंदिर के पुजारी पण्डित शत्रुंजय बाजपेई ने बताया भगवान विश्वकर्मा ही युग शिल्पी हैं इन्होंने ही सतयुग में स्वर्ग लोक त्रेतायुग में लंका,द्वापर मे द्वारिका तथा कलियुग मे हस्तिनापुर का अलौकिक निर्माण कराया था ये हर युग मे विद्यमान अनन्त भगवान हैं।हिन्दू धर्म मे यही एक ऐसा त्योहार है जो तारीख के हिसाब से हर वर्ष सत्रह सितंबर को ही मनाया जाता है बाकी त्योहार तिथि से मनाए जाते हैं। पूजन के अवसर पर मिल के अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना शरद सिंह,अधिशाषी उपाध्यक्ष (प्रोडक्शन) प्रमोद कुमार,उपाध्यक्ष तकनीकी अनिल शर्मा महेश चंद्र भट्ट, देवेन्द्र सिंह,आशुतोष त्रिपाठी जे एन सिंह,अरविंद मिश्र,हरीश सिंह,सुरेन्द्र शर्मा बीरबल,नितेश अग्रवाल, ज्ञानेश अवस्थी,मनोज गुर्जर प्रदीप,गोलू सिंह,तीरथ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं हरगांव के विद्युत सब स्टेशन पर अवर अभियंता रविन्द्र कुमार,उपखण्ड अधिकारी विनीत कुमार वर्मा की उपस्थित में उपकेंद्र में लगी सभी मशीनों का विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। इस मौके पर विभागीय कर्मचारी तेज प्रकाश प्रकाश सिंह, रवि शर्मा व संविदा कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव उर्फ पियूष गिरजा शंकर,पवन पाण्डेय, संजीव,रमेश टीजी 2, अक्षय,रवि,शुतांषु शुक्ला, संजय, संतोष,शिवनन्दन सहित समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## महाकाल कावरिया सेवा समिति की भव्य शोभा यात्रा के साथ मढ़िया घाट पारस नाथ बाबा पर हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन।



संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की तहसील महोली क्षेत्र के गांव नेरी में महाकाल कावरिया सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रथम गणेश महोत्सव का समापन भव्य शोभा यात्रा के साथ किया गया। सुबह शिव शिवाला पर मन्दिर परिसर से गाजे–बाजे के साथ भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों के बीच गणपति बप्पा मोरया के जय घोष से पूरा गाँव गुंजायमान हो उठा। विसर्जन यात्रा पर मुख्य आकर्षण का केंद्र दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता रही। गाँव के बच्चों व नवयुवकों ने ढोल के माध्यम से शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। गणेश विसर्जन से पहले गाँव मे शोभा यात्रा निकाली गयी। उसके बाद मढ़िया घाट के पारसनाथ बाबा पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। कांवरिया समिति के संरक्षक श्रीकांत मिश्र ने बताया कि कल शिव शिवाला मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश सिंह अवधेश सिंह,सर्वेश गुप्ता, चन्दन सिंह,मोहित कश्यप, दुर्गेश कश्यप,सूरज मिश्र,बाला जी कश्यप,गुड्डू कश्यप ग्रामवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### सिंभावली शुगर मिल में विधि विधान के साथ हवन कुंड में आहुति देकर की गई विश्वकर्मा पूजा



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसीलदार गढमुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक में स्थित सिंभावली शुगर मिल कर्मचारीयों ने विधि विधान श्रद्धा भाव के साथ उत्साह पूर्वक मशीनरी पूजन करते हुए हवन कुंड में आहूति देकर मंत्रोच्चारण के साथ विश्वकर्मा पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर विश्वकर्मा पूजा में शामिल सीजीएम करन सिंह, विश्वास राज, मनोज गोयल, केपी राणा, दिनेश शर्मा सहित अन्य प्रबंधन अधिकारी एवं कर्मचारीगणो ने हवन कुंड में आहुति देकर विश्वकर्मा पूजा का धर्म लाभ उठाया। और विश्वकर्मा भगवान से अपने कारोबार को सदा सफल बनाने की मनोती मांगी।

### घर के बाहर खेलते समय तालाब में गिरने पर दो सगे मासूम भाइयों की दर्दनाक मौत से गांव में छाया मातम



संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

**हापुड़**/जनपद की तहसील धौलाना के अंतर्गत आने वाले गांव में घर के बाहर खेल रहे दो मासूम सगे भाइयों की तालाब में गिरने से हुई दर्दनाक मौत से गांव में छाया मातम। बता दें कि जनपद की तहसील धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा के मौहल्ला भदरन में स्थित तालाब में घर के बाहर खेल रहे।दो सगे मासूम भाई आसियान 4 वर्ष उजहर 6 वर्ष पुत्र शहजाद की गिर गए। आसपास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाकर बड़े लोगों को बुलाया। तालाब गहरा होने के चलते तब तक दोनों बच्चों की डूबने के चलते मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को निकलवा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने इस घटना को प्रशासन की लापरवाही बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का सौंदर्य करण अमृत सरोवर योजना के तहत किया जा रहा है। जिसके चलते तालाब की खुदाई तो कर दी गई है। लेकिन उसकी चारों तरफ से तारबंदी नहीं की गई है। यदि तालाब की तारबंदी होती तो शायद नहीं जाती दो मासूम की जान। वही तारबंदी करने की जिम्मेदारी से ग्राम प्रधान ने पल्ला झाड़ते हुए फंड मे विकास कार्यों के लिए खर्च की जाने वाली राशि की कमी का हवाला दिया है। इस हृदय विदारक घटना को लेकर पीड़ित परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। और गांव में मातम छाया हुआ है।

### तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भिखारियों के रूप मे संदिग्ध लोगों के द्वारा श्रद्धालुओं से छीना–झपटी नहीं होगी बर्दाश्त/नीरज कुमार प्रभारी निरीक्षक



संस्कार उजाला **अमित शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भिखारियों के रूप में संदिग्ध लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। और दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ छीना–झपटी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। जिस पर शिकंजा कसने को लेकर नव नियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के द्वारा संदिग्ध लोगों की सघन चेकिंग कर आईडी प्रूफ चेक करने को लेकर अभियान शुरू करा दिया है। बता दे कि तीर्थ नगरी ब्रजघाट में आने वाले श्रद्धालुओं को भिखारियों की छीना झपटी का शिकार होना पड़ रहा है। जिसको लेकर नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने ब्रजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव को सख्त दिशा निर्देश देते हुए। कहा है कि श्रद्धालुओं के साथ भिखारियों के द्वारा की जाने वाली छीना झपटी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस पर चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव के द्वारा भिखारी के रूप में स्नान घाट पर बैठे एवं बाजार में घूमने वाले संदिग्ध लोगों को चेकिंग करना शुरू कर दिया है। और तीर्थ नगरी बृजघाट में भिखारियों के आईडी प्रूफ की भी जांच की जा रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि आधार कार्ड आईडी प्रूफ के बगैर किसी भी भिखारी को तीर्थ नगरी में नहीं रुकने दिया जाएगा। इन भिखारियों के द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं के साथ छीना झपटी से मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया की आस्था को ठेस पहुंच रही है। और श्रद्धालु यहां आने से कतराने लगे हैं।

### भाकियू (अराजनैतिक) ने किसानों की समस्याओं से सम्बंधित डी एम को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा




संस्कार उजाला

**जिला प्रभारी अमित शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत सहकारी विकास गन्ना समिति में आयोजित की गई। जिसमें किसानों की समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौपा गया। जिसमें जिला अध्यक्ष पवन हूण ने किसने की निम्न समस्याओं का समाधान करने को लेकर बताया कि गन्ना सट्टा मेले में सभी किसानों की गन्ना संबंधित समस्याओं का निस्तारण धान की बिक्री पर आढत नही ली जाए। एवं बिजली बिलों में धांधली को सही करने बरसात से बर्बाद हुई धान की फसल का उचित मुआवजा दिये जाने के साथ शुगर मिल गन्ना क्रय केन्द्रों को पूरा करने की मांग की है। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल सचिव विनोद तोमर, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र चौहान ब्लॉक अध्यक्ष रूपलाल तहसील उपाध्यक्ष अरुण कुमार, जितेंद्र नागर, योगेश शर्मा,दिनेश शर्मा,नरेंद्र चौहान अनुज तोमर, रिंकू राघव,अरुण त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे श्रद्धालु यातायात नियमों की उड़ा रहे हैं धज्जियां




संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/तीर्थ नगरी ब्रजघाट मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया में मूर्ति विसर्जन करने के लिए जा रहे। श्रद्धालु खुलेआम जान जोखिम में डालकर यातायात नियमों की उड़ा रहे धज्जियां कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा। बता दे कि विश्वकर्मा भगवान की पूजा करने के उपरांत उनकी मूर्तियों को विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो गया है। मूर्तियों को लेकर श्रद्धालु मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में विसर्जित करने के लिए दूर दराज से आ रहे हैं। जिसका एक उदाहरण हाईवे पर देखने को मिला है। जिसमें एक मिनी ट्रक में गंगा मैया में मूर्ति विसर्जन करने के लिए जा रहे। श्रद्धालुओं के द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां तक कि उन्हें अपनी जान की भी परवाह नहीं है। जबकि प्रशासन के द्वारा एनजीटी कोर्ट के आदेश अनुसार मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाने के चलते गत वर्षो विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन करने के दौरान एक युवक की मध्य गंग नहर में डूब कर मौत हो गई थी। लेकिन मूर्ति विसर्जन करने जा रहे श्रद्धालु फिर भी सबक नहीं ले रहे हैं।

## पट्टी में हर्षोल्लास के साथ गणपति को दी विदाई ,अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों के साथ भक्तों ने किया गणेश विसर्जन



संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय। जिले की सिधौली तहसील क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री गणेश की विदाई की गई। मंगलवार को शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु गण पति बप्पा मोरया के जय घोष करते हुए खूब आनंदित हो रहे थे। कमलापुर कस्बे की सीमा क्षेत्र के पटटी गांव के अधिवक्ता रंजीत शुक्ल के घर पर गणपति बप्पा की स्थापना विशेष मंत्रों के साथ की गई थी मंगलवार को शोभा यात्रा निकालकर गणपति बप्पा को विसर्जन के लिए जयकारों के साथ पट्टी गांव की गलियों में भक्तों द्वारा भगवान गणेश को घुमाकर पीरनगर सगंम तट सराय नदी पर ले जाया गया।जहां श्रद्धा भाव के साथ विसर्जन कराया गया। गणपति जी के अनन्य भक्त उमाशंकर शुक्ल रामकृष्ण मिश्र अशोक शुक्ल ने बताया कि गणपति बप्पा सुखकर्ता और दुखहर्ता हैं।रंग लगाकर मनाई खुशी इस भावना के साथ उन्हें उनके भक्त घर में बहुत धूमधाम से लेकर आते हैं। भक्तों का विश्वास होता है कि जब गणपति घर से विदाई लेंगे तो घर के सारे दुख और संकट हर कर अपने साथ ले जाएंगे। भव्य रूप से गणेश विसर्जन के साथ वहीं विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने डीजे पर गणपति बप्पा मोरया का गाना लगाकर खूब मनोरंजन किया व एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी मनाई। इस मौके पर आदित्य मिश्र देवेन्द्र पाण्डेय जीत शुक्ल आयुष शुक्ल शिक्षिका स्वीटी शुक्ला जेसिका शुक्ला रामकुमार शुक्ल उर्फ रामू आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष के शिकायती पत्र का संज्ञान लेकर तत्काल निस्तारण कराने का प्रभारी निरीक्षक ने दिया आश्वासन।




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष द्वारा एक विवाद को लेकर दिए गए शिकायती पत्र को गंभीरता से लेकर प्रभारी निरीक्षक ने शिकायती पत्र का तत्काल निस्तारण करा देने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार जिले की तहसील महोली से राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाण्डेय द्वारा प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र इस आशय का दिया गया कि विकास खण्ड पिसावां के ग्राम छहेलिया निवासी पप्पू नामक व्यक्ति का गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया था विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने पप्पू का मोबाइल छीन लिया। बताने के अनुसार इस सम्बन्ध में पप्पू ने एक प्रार्थना पत्र एक माह पूर्व हल्का नंबर एक के उप निरीक्षक को दिया था लेकिन उनके स्तर से पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया।थक हार कर पीड़ित ने राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष से सम्पर्क कर निस्तारण कराने की गुहार लगाई। पीड़ित की गुहार को संज्ञान में लेकर राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय ने मामले को निस्तारित करने के सम्बन्ध में एक पत्र थाना कोतवाली महोली के प्रभारी निरीक्षक को सौंपा। एक माह बीत जाने के बाद भी शिकायत का निस्तारण न होने एवं राष्ट्रीय किसान मंच के तहसील अध्यक्ष द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेकर थाना कोतवाली महोली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने पीड़ित पप्पू के छीने गए मोबाइल को सर्विलांस पर लगवा कर तत्काल मोबाइल दिलाए जाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा पीड़ित के छीने गए मोबाइल को सर्विलांस पर लगवा कर शिकायत का तत्काल निस्तारण कराने के सम्बन्ध में की पहल पर राष्ट्रीय किसान संघर्ष मंच के तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने प्रभारी निरीक्षक को साधुवाद दिया है।

## शाह विलायत खैराबाद हजरत बड़े मखदूम का पांच सौ चौबिसवां उर्स 18 सितंबर से प्रारंभ

दरगाह पर समस्त तैयारियां पूर्ण नजमुल हसन शोएब मियां सज्जाद नशीन





संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** स्थानीय दरगाह हजरत बड़े मखदूम साहब में पांच सौ चौबिसवां उर्स 18 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है इसका समापन 20 सितंबर की रात्रि में होगा। उक्त उर्स के सम्बन्ध में समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं तथा श्रद्धालुओं का आना प्रारम्भ हो गया है दरगाह के सज्जाद मशीन उस्मानी नजमुल हसन उर्फ शोएब मियां ने बताया की 524 वें उर्स का शुभारंभ 18 सितंबर की सायं ख्वाजा कुतुब साहब के फातिहा से होगी तत्पश्चात 6:30 बजे और रात्रि 8:30 बजे पुनः फातिहा होगा 19 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे गुसल मजार शरीफ होगा तत्पश्चात ख्वाजा कुतुब साहब का कुल सम्पन्न होगा, तीन बजे अपराह्न सज्जाद मियां पूर्व सज्जादा नशीन की चादर पेश की जाएगी तथा सात बजे से जलसा सीरत पाक पर दरगाह में स्थित मस्जिद में आयोजित किया जाएगा इसके बाद रात नौ बजे छोटे मखदूम की दरगाह से जुलूस गागर उठेगा जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ दरगाह बड़े मखदूम पहुंचेगा जहां देर रात तक कव्वाली होगी बीस सितंबर को प्रातः कुरान ख्वानी तथा जुमे की नमाज के बाद महफिले समा शुरू होगा और शाम छः बजे बड़े मखदूम का पांच सौ चौबिसवां कुल शरीफ होगा। इसी रात मखदूम के भाई शेख अबू मोहम्मद की चादर पेश की जाएगी। इस कार्यक्रम के उपरान्त पांच सौ चौबिसवें उर्स का समापन हो जाएगा दरगाह के सज्जादा नशीन शोएब मियां ने जनमानस से अपील करते हुए कहा की यहां सभी धर्म संप्रदाय के लोग आते हैं आपस में सामंजस्य बनाकर शांति पूर्वक उर्स को संपन्न कराने में विगत वर्षो की भांति अपना सहयोग प्रदान करें,क्योंकि मखदूम साहब सभी के लिए हैं किसी एक के नहीं हैं। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद आमिर मियां रिजवी और सचिव जावेद मुस्तफा टीटू खां ने बताया कि हमारी सभी तैयारी पूर्ण हैं और दरगाह पर जायरीन के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था कमेटी के द्वारा की जा चुकी है।

## अल्लामा फजले हक खैराबादी की मजार शरीफ अंडमान निकोबार द्वीप समूह पहुंच कर डॉ० फिदा हुसैन अंसारी ने मुल्क में अमन शांति की, की दुआ ,अल्लामा फजले हक खैराबादी की कुबार्नी को कभी बुलाया ना जाएगा

डॉक्टर फिदा हुसैन अंसारी पूर्व अध्यक्ष




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले के मदरसा अल्लामा फजले हक खैराबादी मेमोरियल डिग्री कॉलेज के संरक्षक एवं उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं शिया पीजी कॉलेज लखनऊ कॉमर्स के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी अपने एक सप्ताह के निजी दौरे पर अमर शहीद अल्लामा फजले हक खैरा बादी के मजार शरीफ स्थित अंडमान निकोबार दीप समूह पर हाजिरी देने पहुंचे। साथ ही अन्य अमर शहीदों जिन्हें हिंदुस्तान आजाद कराने की सजा के तौर पर अंग्रेजों ने कैद कर रखा था और हजरत अल्लामा फजले हक खैराबादी जिन्हें काले पानी की सजा देते हुए एक काल कोठरी में कैद कर रखा था जिन्होंने वहीं पर 20 अगस्त 1861 को अपनी आखिरी सांस ली। जिससे उनका मजार वहीं पर स्थित है। डॉ०फिदा हुसैन अंसारी ने अपने परिवार के साथ वहां पर हाजिरी भी दी और अपने मुल्क हिंदुस्तान में अमन और शांति बनी रहे इसके लिए दुआ भी की इसके अलावा अन्य उलमाए किराम और दूसरे लोग जिन्हें वहां सजा के तौर पर रखा गया था जिससे उनकी वही मृत्यु हो गई उन स्थलों पर भी दर्शन के लिए गए और अल्लामा फजले हक के साथ अमर शहीद मौलाना लियाकत अली की मजार पर भी हाजिरी दी। डॉ० फिदा हुसैन अंसारी ने अपने एक वक्तव्य में बताया कि वहां पर उन बैरकों को भी देखा गया जिसमें इन शहीद ए आजम को कैद किया गया था वह इतनी छोटी है कि इंसान ना तो उसमें सीधा खड़ा हो सकता था और ना सीधा लेट सकता था अंधेरी काल कोठरियों में इन लोगों को रखा जाता था जो सजा काले पानी की कहलाती है वह वाकई काला पानी ही था।अल्लामा फजले हक ने अपने मुल्क हिंदुस्तान के लिए जो कुबार्नी दी है उसे कभी भी बुलाया ना जाएगा और हम ऐसे मर्द मुजाहिद को सलाम करते हैं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने वतन हिंदुस्तान की खातिर मौत को गले लगा लिया हम सभी हिंदुस्तानियों को ऐसे अमर शहीदों पर गर्व होना चाहिए पूर्व अध्यक्ष अंसारी भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि 20 अगस्त को शहीद दिवस मनाने की कार्यवाही करें साथ ही उत्तर प्रदेश की सरकार से मांग करते हुए कहा की सीतापुर जनपद के खैराबाद जहां के अल्लामा फजले हक रहने वाले थे वहां पर एक डिग्री कॉलेज आपके नाम से स्थापित किया जाए तथा अल्लामा फजले हक खैराबादी को इतिहास के पन्नों से जोड़ा जाए ताकि आने वाली नई नस्ल के बच्चे अल्लामा फजले हक खैराबादी की शख्सियत को जान सकें।

## जल जीवन जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी व स्वयं सहायता समूह की कत्रियों को झंडी दिखाकर गाँव के लिए किया गया रवाना।




संस्कार उजाला

**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले में विधिवत और व्यवस्थित तरीके से सहयोगी संस्था एपिनवेटिव टेक्नोलॉजी प्रा०लि० नोएडा के द्वारा जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए जनपद के आज दिनांक 17 सितम्बर 2024 ब्लाक हरगांव के सभागार में जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत व सी डी पीओ व आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं। सभी कार्यकत्रियों को जल जीवन मिशन के तहत जल को व्यर्थ बहने से बचाने, उसका समुचित उपयोग करने,अशुद्ध जल पीने से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी आना,पीलिया का होना,दस्त आना, पेट खराब होना व भयंकर बीमारी का शिकार हो जाने के बारे में जागरूक किया गया ताकि वह लोग ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक करें। इसके साथ ही बारिश के पानी का प्रयोग करना,व्यर्थ पानी को बहने से बचाना ,व उचित प्रयोग करना आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया महिलाओं से नारे भी लगवाये कि दूर हो रही सबकी परेशानी,पहुच रहा पीने का स्वच्छ पानी। नल वाला जल पिलाओ डायरिया को दूर भगाओ इस कार्यक्रम में ट्रेनर पन्ना लाल मिश्र व जिला समन्वयक संदीप कुमार तिवारी,शुभम शुक्ला आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी को ट्रेनर पन्ना लाल मिश्रा व जिला समन्वयक संदीप कुमार तिवारी शुभम शुक्ला ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा।व एडीओ पंचायत को प्रभु विश्वकर्मा की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयुष अवस्थी,संजय सिंह, संदीप तिवारी व ब्लाक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वे जन्मदिन पर भाजपा नेता डॉ०एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी चेयरमैन ने मरीजों को फलों का वितरण किया



संस्कार उजाला

**हापुड़**/भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वे जन्मदिन के शुभ अवसर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 गांधी जयंती तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। जो नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा। बता दे कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन एवं नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी के नेतृव्य में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मजीदपुरा में लगभग 70 मरीजों को फलों का वितरण किया गया।और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु की कामना की गई।और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को हिस्सा लेकर अभियान को सफल बनाने की सोसाइटी ने आमजन से अपील की। इस मौके पर सोसायटी के चेयरमैन नगर पालिका स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी,चीफ आबेश कुमार,डीपीएम अमित, एसएफआई राजकुमार, विजयपाल,अजय शील,नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ सत्यम जिंदल, डा दिलशाद अली, डॉ सलमान शबनम, मौ अहद कस्सार,मोहित शर्मा, राशिद अली, डा आमिर,एडवोकेट इरफान,अकरम, आसिफ मेवाती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पूर्ण हुये 2,18,384 आवासों का किया गया गृह प्रवेश ।

संस्कार उजाला
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भुवनेश्वर, उड़ीसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पूर्ण हुये 2,18,384 आवासों का गृह प्रवेश किया गया। इसी क्रम में जनपद-सोनभद्र में विधायक सदर भूपेश चौबे व रूबि प्रसाद, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद् रावट्र्सगंज के द्वारा जनपद में पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 1100 आवासों का गृह प्रवेश एवं 51 लाभार्थियों को पूर्ण आवासों का प्रमाण-पत्र वितरित किया गया वितरण कार्यक्रम में राजेश उपाध्याय, परियोजना अधिकारी डूडा सोनभद्र, विजय यादव अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्-सोनभद्र एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### वर्षा के दौरान क्षति से सम्बन्धित सूचना आपदा कार्यालय को कराये उपलब्ध - जिलाधिकारी।

संस्कार उजाला
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनपद सोनभद्र में 15 सितम्बर से 17 सितम्बर तक रूक-रूक हो रही वर्षा के दौरान बारिस के कारण नदी/नालों एवं बान्धों में जल स्तर में काफी वृद्धि हुई है उक्त वृद्धि के कारण गॉव के आस पास जल भराव की सम्भावना बनी हुई है समस्त उप जिलधिकारी एवं तहसीलदार अपने तहसील क्षेत्रों में अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौके की जॉच कर जन हानि, पशु हानि एंव मकान क्षति आदि से सम्बन्धित सूचना आपदा कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें, जिससें कि आपदा राहत से सम्बन्धित सहायता राशि सम्बन्धित को जल्द से जल्द उपलब्ध हो सके, इसके साथ ही तहसील स्तर पर बनायी गयी सभी बाढ़ चैकियों एवं अन्य सुरक्षा के उपायों नाव/नाविकों को अलर्ट करना सुनिश्चि किया जाये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भारी बरसात के कारण आवासीय विद्यालयों में कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। सभी कस्तूरबा विद्यालय, जवाहर नवोदय, अटल आवासीय विद्यालयों की जांच सम्बन्धित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराना सुनिश्चित कर लें, उन्होनें जनपद के नागरिको से अपील की है कि वर्षा के कारण नदी नालों के आस पास जल स्तर में वृद्धि हो रही है इसके आस पास न जाये और नदी व जलाशयों के पास रहने वालें ग्रामवासी सतर्क रहें।

### क्षेत्र में आंधी पानी ने मचाई तबाही, लोग घरों में।

संस्कार उजाला
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**



**कोन/ सोनभद्र।** जिले में इन दिनों हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है और वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में बिजली ब्यवस्था चरमरा गयी है ।इसी क्रम में बताते चले कि नवसृजित विकासखंड कोन के कोन खेमपुर, कचनरवा आदि जगहों पर सड़क से लेकर बांध तक पानी से लबालब हो गया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय विकासखंड के खेमपुर में वर्षो पुरानी बऊरहवा बंधी है जो मरम्मत के अभाव में आँसु बहा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त बांध में पानी खतरे के निशान से ऊपर आ गया है अगर ऐसे ही लगातार बारिश होती रही तो बांध कभी भी टूट सकती है और वहीं बांध के नीचे घनी आबादी निवास करती है जिसे बहुत बड़ी जन हानि हो सकती है और वहीं लोगों के मन में डर सताने लगा कि अगर इसी तरह से बारिश होता रहा तो बांध टूट सकती है ।लोगों का कहना है कि यह पुरानी लगभग बीस वर्षो पुरानी बांध का कोई मेंटेनेंस नहीं किया गया। इसी क्रम में बतातें चलें कि विकास खण्ड कोन के पंच मुहान थाना मोड़, सामूहिक शौचालय के पास सड़क व कचनरवा बाजार के गुप्ता स्टूडियो, बागेसोती मोड़, पर सड़कों पर पानी भर गया है जिससे राहगिरों सहित वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोगौं को सड़क पर गड्ढे की वजह से अंदाजा लगाना मुश्किल हो जा रहा है जिसे आय दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य छविन्द् नाथ चेरो ने बताया कि सड़क एक तरफ गड्ढों में तब्दील है वहीं दूसरी ओर बाजार में जल निकासी की समुचित ब्यवस्था न होने के कारण समूचा बाजार जलमग्न हो गया है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि तत्काल जल निकासी की व्यवस्था की जाय ।कोन क्षेत्र के जीवनदायिनी कहे जाने वाली प्रमुख पांडु नदी वर्षो से सुखी पड़ी आज खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और क्षेत्र के तमाम बांध जैसे लौंगा बांध, आदि पानी से लबालब भर गया है। क्षेत्र के तमाम रहवाशियों व स्थानीय दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि पानी निकासी की तत्काल ब्यवस्था की जाय।

### एल्युमिनियम चोरी में 02 नफर अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार।

संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**



**पिपरी/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी पिपरी के आदेश के क्रम में थाना पिपरी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-119/2024 धारा-316(3),318(4),61(2) बी0एन0एस0 में वांछित 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 01.राजा मियां पुत्र अब्दुल सत्तार शेख निवासी मकान नं0-14 हाउसिंग बोर्ड हनिफ कालोनी बेरेसिया रोड़ भोपाल थाना निषातपुरा जिला भोपाल मध्य प्रदेश 02. विद्यासागर मिश्रा पुत्र स्व0 जगरन्नाथ मिश्रा निवासी छातीडीह पोस्ट चक्के थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश को दिनांक 17.09.2024 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। बरामदगी में एक अदद चार पहिया वाहन संख्या एमपी 19 सीडी 1663, 3500 रुपये नगद और एक अदद किपैड मोबाइल बरामद हुआ।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मंत्री नंदगोपाल नंदी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया शुभारंभ

### सफाई अभियान से संबंधित वाहनों को हरी झंडी दिखा मंत्री ने किया रवाना

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन०आर०आई० तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग उ०प्र० नन्द गोपाल गुप्ता ह्यह्यनन्दी नगर पालिका परिषद बॉदा में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ पूजन एवं अर्चन कर किया। कार्यक्रम में उन्होंने नगर पालिका के सफाई अभियान हेतु संचालित किये गये नये वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूवात की। इसके पश्चात उन्होंने अवस्थी पार्क बॉदा में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन 140 करोड की जनता के लिए समर्पित है, उनके नेतृत्व में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत विकसित राष्ट्र बने, उनकी इस परिकल्पना को साकार करने के लिए केन्द्र व प्र्रदेश सरकार द्वारा जनहित में अनेकों विकासपरक कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में विकास करने के साथ ही आतंकवाद पर नियंत्रण करने का कार्य किया है। इसी प्रकार प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी माफियाओं एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कानून एवं व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में अमेरिका



और इंग्लैण्ड भी इस बीमारी को नियंत्रित करने में सफल नही हो पा रहे थे, लेकिन भारत में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी लोगों को कोरोना की दवा दिलायी गयी। उन्होंने विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग स्वच्छता को अपनायें और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में आगे बढकर हिस्सा लें। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम से जुडे लोगों को स्वच्छता पुरस्कार एवं स्वच्छता कर्मियों को पी०पी०किट का वितरण किया तथा लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। उन्होंने स्वच्छता शपथ के अन्तर्गत महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें राजनैतिक आजादी ही नही थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की परिकल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोडकर मॉ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गन्दगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उन्होंने हर वर्ष 100 घण्टे यानी 02 धण्टे हर सप्ताह श्रमदान करके स्वच्छता का संकल्प लेने एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा गॉव-गॉव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के आव्हान के अनुसार एक पेड मॉ के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छता के ब्राण्ड एम्बेसडर शोभा राम कश्यप, राहुल जैन, कुलदीप शुक्ला तथा कई स्वच्छता कर्मियों को पी०पी०किट देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाडा में पन्द्रह दिनों तक सेवा कार्यक्रम चलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की दशा व दिशा बदलने का कार्य किया है तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तेज गति से सभी वर्गो के हितों में अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर उनका लाभ पात्र गरीब व्यक्तियों को दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गौ पूजन करके मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
**बांदा** में मंगलवार 17 सितंबर को विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन गौ माता का पूजा करके एवं गौ माता को गुड, चना, फल खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। गौ रक्षा समिति के जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री भारत के ही नही बल्कि पूरे विश्व के लीडरशिप करने वाले नेता हैं, उनके द्वारा पूरे विश्व में भारत की एक नई पहचान बनाई गई है। आगे उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा भारत की जनता के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को लांच किया गया है जिससे निम्न वर्ग के लोगों को पूर्ण लाभ मिल सके। इस दौरान समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा ऐसे कानून को लांच किया गया जिससे भारत का नक्शा बदल गया और भारत ने आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गौ रक्षा समिति के द्वारा प्रत्येक गौशाला में एक सप्ताह तक ऐसा ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा एवं गौशाला कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंत्री नंदगोपाल नंदी ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर किया रक्तदान

### विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्री नंदी रहे मौजूद ,रक्तदान कर कहा रक्तदान ही महादान

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



बांदा में मंगलवार को मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन०आर०आई० तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग उ०प्र० नन्द गोपाल गुप्ता ह्यह्यनन्दी ने मण्डलीय जिला चिकित्सालय बॉदा में रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इस कार्य में सभी लोगों को दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले अस्पतालों में बहुत गन्दगी एवं अव्यवस्था की स्थिति रहती थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर साफ- सफाई व्यवस्था के साथ अन्य समुचित व्यवस्थायें की गयी हैं। उन्होंने कहा आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गरीब लोगों को रू05 लाख तक ही निःशुल्क चिकित्सा की सुविधा दी गयी है। अब सरकार द्वारा प्रत्येक 70 वर्ष आयु के लोगों को यह सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चिकित्सकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सकों की सेवा निवृत्त आयु बढाकर 65 वर्ष करने के साथ ही नये-नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, जिससे चिकित्सकों की कमी दूर हो सकेगी उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को विश्वकर्मा जयन्ती एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्वच्छता की सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को एक जन आन्दोलन के रूप में लेकर बृहद स्तर पर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमी महसूस नही होती है बल्कि लगातार रक्तदान करने से हृदय रोग में कमी आती है। इस अवसर पर विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, मोहित गुप्ता, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक के आश्वासन पर ग्रामीणों ने समाप्त किया धरना प्रदर्शन


संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
**बांदा** जनपद के कमासिन में लो - वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती को लेकर ममसीखुर्द, मवई, जाखी, दलपा पुरवा, अंदौरा, बंथरी, चकरेही आदि गांवों के किसानों ने कमासिन विद्युत सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन करने लगे साथ ही कहा गया कि हमारी धान की फसलें सूख रही है, हमारे ट्यूबवेल बंद पड़े है जब तक हमारी समस्यायों का हल नही हो जाता हम धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय सपा विधायक विशम्भर सिंह यादव पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विधायक ने एसडीओ व उच्चाधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान



करने को कहा। किसानों ने क्षेत्रीय विधायक के आश्वासन पर धरना खत्म किया। इस दौरान रामभजन यादव, वीर सिंह यादव, पुत्तन सिंह, अखिलेश पाल, विजय द्विवेदी, अनूप गुप्ता, आलोक यादव, मुन्ना सिंह, रुद्रा सिंह, रामप्रताप, धर्मवीर यादव, जगजाहिर सिंह, शिवचंद्र, बड़कू यादव, हरी बाथम, लवलेश, राजोल, रामबाबू बाथम, मिथलेश खेगर, सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## कांग्रेस कमेटी में न्याय समिति के सदस्य को सौंपा गया ज्ञापन

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
बांदा में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद प्रदेश महामंत्री डॉक्टर संजय द्विवेदी दनादन द्वारा पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में न्याय समिति के सदस्य नसीमुद्दीन सिद्दीकी के माध्यम से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को ज्ञापन देते हुए मांग की गई है कि उत्तराखंड और मध्य प्रदेश की तरह उत्तर प्रदेश में भी उत्तर प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ का गठन किया जाए, जिससे प्रत्येक जनपद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों को कांग्रेस से जोड़ा जा सके। क्योंकि देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानी परिवारों ने कांग्रेस के बैनर तले आजादी हासिल की थी। जब तक इस देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री



राजीव गांधी जी के कार्यकाल तक पूरे देश में इस फ्रंटल का गठन था देश के प्रत्येक प्रदेशों में जिला स्तर पर यह फ्रंटल काम कर रहा था। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव द्वारा इस फ्रंटल को समाप्त किया गया था। इस कारण हमारे अनेक सेनानी परिवार जो कांग्रेस परिवार के रूप में जाने जाते हैं, कांग्रेस से दूर हो गए इसलिए कांग्रेस में इस फ्रंटल का गठन जरूरी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट भी साथ रहे।

## हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले पांच को मटौंध पुलिस ने किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जुआं जैसे अपराधों पर रोकथाम लगाये जाने हेतु की जा रही कार्यवाहियों के क्रम में मंगलवार 17 सितंबर 2024 को थाना मटौंध पुलिस द्वारा कस्बा मटौंध में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद् ताश के पत्ते, मालफड़ व जामा तलाशी के 23320/ रुपये बरामद हुए हैं।



बरामदगी में 52 अदद् ताश के पत्ते, मालफड़ व जामा तलाशी के 23320/ रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में पैसून पुत्र कालीचनरण नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा, अभिषेक उर्फ सनी पुत्र रामसजीवन नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा ,निखिल पुत्र किशन नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा , राहुल शुक्ला पुत्र बृजेश नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा , रिशु पुत्र वीरेन्द्र अनुरागी नि0 दरेरापुरा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद चित्रकूट। फरार अभियुक्त में बलराम पुत्र कालीचरन नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा, चेतराम पुत्र भवानीदीन नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा, मंगल पुत्र भवानीदीन नि0 बैबेथोक कस्बा व थाना मटौंध जनपद बांदा। उक्त अभियुक्तों पर मु0अ0सं0 132/24 धारा 13 सार्वजनिक जुआं अधि0 थाना मटौंध जनपद बांदा में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## चौकी भूरागढ़ पर आई दो शिकायतों का अपर पुलिस अधीक्षक ने काउंसलिंग कर कराया निस्तारण

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
मुख्यमंत्री उ०प्र० शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे व्यापक मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में महिला अपराधों की रोकथाम तथा महिला संबंधी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण किया जा रहा है साथ ही महिला सशक्तीकरण के लिए जन जागरुकता के भी प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार 17 सितंबर 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा चौकी भूरागढ़ पर आये दो प्रकरणों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर विवाद को समाप्त कराया गया। बता दें कि बोधीपुरवा की रहने वाली एक नवविवाहिता ने शिकायत की कि उसके ससुराल वाले विशेषकर उसकी सास उसे परेशान करती है । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वितीय पक्ष को बुलाकर दोनों की काउंसलिंग की गई तथा सभी को पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के लिए कहा गया। महिला के ससुराल पक्ष वालों ने कहा कि अब से वे किसी भी प्रकार से उसे परेशान नहीं करेंगे और उसका ख्याल रखेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि आगे से प्रताड़ित करने की कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एक अन्य प्रकरण में भूरागढ़ क्षेत्र की ही रहने वाली एक महिला फोन गिरने की शिकायत लेकर चौकी आई थी उसके साथ उसकी 10 वर्षीय बेटी भी आई थी। चौकी पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक ने बच्ची से जब पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने दुःखी होकर बताया कि वह पढ़ना चाहती है लेकिन मां उसे स्कूल



नहीं जाने देती । इस पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्ची की मां को समझाया गया कि आज के समय में शिक्षा कितनी आवश्यक है साथ ही अगर बच्ची पढ़-लिख लेगी तो उसे भी एक सम्बल मिलेगा। मां ने राजी होकर वचन दिया कि वह बच्ची को हर संभव पढ़ायेगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित बीट आरक्षी को निर्देशित किया कि वह बच्ची का एडमिशन पुनः प्राथमिक विद्यालय में करा दे। बच्ची ने सिलाई-कढाई सीखने की बात कही तो अपर पुलिस अधीक्षक ने समय आने पर उसे सिलाई मशीन दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा चौकी भूरागढ़ का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पिता के हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद।

संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**



**सोनभद्र।** अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पर दिनांक 15.09.2024 को पंजीकृत मु0अ0सं0 181/2024 धारा- 103(1) इठर में वांछित अभियुक्त रमाशंकर खरवार उर्फ रवि पुत्र स्व0 सोनेश्वर खरवार निवासी ग्राम कोटा टोला कानोपान थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष को दिनांक 16.09.2024 को मुखबीर की सूचना पर कानोपान जंगल में समय 16.40 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल खूनालूद कुल्हाड़ी बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है। अभियुक्त रमाशंकर खरवार उर्फ रवि ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसके पिता ने उसके व उसके परिवार के ऊपर भूतप्रेत कर दिया था जिसके कारण उसने अपने पिता सोनेश्वर खरवार को कई बार समझाया किन्तु वे नहीं माने तब दिनांक 15.09.2024 की सुबह करीब 06 बजे अपने पिता की घर के आंगन में कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दिया गया ।

## 04 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार।

संस्कार उजाला
**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**



**पुन्नुगंज/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दिनांक 16.09.2024 को समय लगभग 19.30 बजे रेगुलेटर पुलिया के पास से 02 नफर गांजा तस्करों यश पटेल पुत्र रविन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम ऊंची खुर्द थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, और अभय कुमार पुत्र मुन्नु सिंह निवासी ग्राम ऊंची खुर्द थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के कब्जे से कुल 04 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0-116/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## बॉंदा रोटी बैंक टीम ने मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर सैकड़ों लोगों को ठंडा पानी पिलाया

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा



**बांदा** में मंगलवार 17 सितंबर को बॉंदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा के संरक्षण में रिजवान अली अध्यक्ष बॉंदा रोटी बैंक सोसाइटी की अध्यक्षता में सुनील सक्सेना संगठन मंत्री के संचालन में बॉंदा रोटी बैंक के पदाधिकारियों, सदस्यों और जन सहयोग से बॉंदा रोटी बैंक टीम के द्वारा बारह रबी उल अव्वल मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर बॉंदा शहर के आजमीनों और लोगों को अमर टॉकीज चौराहे पर ठंडा पानी पिलाया गया। इस दौरान जुलूसे मोहम्मदी का माले पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही बॉंदा रोटी बैंक के सदस्य अब्दुल शफीक कल्लू और टीम के द्वारा एक काबा शरीफ की भव्य झॉंकी तैयार की गई। उक्त कार्य में शहर के लोगों ने बहुत सराहा तथा दुआओं से नवाजा। उक्त कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों, सदस्यों तथा शहर के जागरूक लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, सद्दू अली वरिष्ठ प्रवक्ता, अख़्तर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी, मोहम्मद इदरीश शेरा सचिव, इरफान खान कोषाध्यक्ष,मोहम्मद अजहर महामंत्री, अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी,तबस्सुम फात्मा महिला अध्यक्ष, तरन्नुम फात्मा महिला उपाध्यक्ष, प्रीती शिवहरे महिला संगठन मंत्री,रिचा रैकवार महिला सोशल मीडिया प्रभारी,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, इरफान खान चॉंद शाखा प्रमुख खाईंपार,गिरधारी लाल चौरसिया पिन्टू शाखा प्रमुख बंगाली पुरा,जावेद खान शाखा प्रमुख हरदौल तलैया, मोहम्मद याकूब शाखा प्रमुख मढिया नाका, अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका, अतुल तिवारी, सद्दाम हुसैन, मनीष कुमार, जावेद अली, वकील खान, नजाकत अली शम्मी, अशरफ, प्रसून श्रीवास्तव, हसमत अली बॉंके, सोनू श्रीवास, बुल्ली भाई, अलीमुददीन, रफीक खान, नफीस खान, इरफान हुसैन, अजीज बिजली वाले, इब्राहीम, अकबर भाई, रफत अली पप्पू, शाहिद हुसैन, नग्गो खातून, मुमताज बेगम, अपसाना खातून सदस्यगण, तुलसीदास अध्यक्ष उ0प्र0 दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ बॉंदा, अंसार अहमद सिद्दीकी समाजसेवी, मीसम अली जैदी पेशकार न्यायालय बॉंदा, अनवर अली जैदी पेशकार न्यायालय बॉंदा रहे।

## अधिकारियों की बैठक में डीएम ने विभिन्न कार्यों को लेकर दिए निर्देश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
**बांदा** जिलाधिकारी बांदा नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सी०एम० डैशबोर्ड से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को आवासों के निर्माण कार्य में प्रगति लाये जाने तथा शीघ्रता से आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत आवेदकों को बैंको से ऋण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिये। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के द्वारा आरसीसी सेन्टर का निर्माण कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने नयी



सड़कों के निर्माण कार्य को वर्षा के बाद शीघ्र निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विकास योजना के अन्तर्गत भूरागढ़ एवं कालिंजर तथा रनगढ़ में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ उप जिलाधिकारी को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में कराये जाने वाले कार्यों में प्रगति लाने के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढाये जाने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कराते हुए निपुण विद्यालय बनाये जाने के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत किये गये कार्यों का गहनता से निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को सिंचाई योजना के अन्तर्गत स्प्रिंक्लर हेतु आवेदनों का निस्तारण शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कृषि रक्षा रसायन का शत-प्रतिशत रूप डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराये जाने तथा बेसिक शिक्षाधिकारी को प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने हेतु अध्यापकों के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए निपुण टेस्ट के अन्तर्गत बच्चों की क्लास टेस्ट भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय निर्माण तथा मल्टीपर्पज हॉल के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत पात्रों को समय से लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित कराये जाने व नये पेंशन प्रपत्रों का निस्तारण करने के सम्बन्ध में समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 21 घंटे देरी से पहुंची ट्रेन, कोर्ट ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

मुंबई। ट्रेन के 21 घंटे लेट होने पर उपभोक्ता फोरम द्वारा सीधे रेलवे पर ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की बात सामने आई है।दरअसल ट्रेन जब 21 घंटे देरी से पहुंची तो यात्री जिला उपभोक्ता फोरम पहुंच गया। उपभोक्ता फोरम ने रेलवे पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के वाशिम जिले के रहने वाले एक शख्स ने पिछले साल वाशिम से जम्मू जाने के लिए हमसफर ट्रेन का टिकट बुक कराया था। प्रस्थान टिकट के साथ-साथ उन्होंने वापसी यात्रा के लिए भी रिटर्न टिकट बुक करा लिया था। यह ट्रेन 27 अक्टूबर 2023 को दोपहर 1.30 बजे रवाना होने वाली थी। फिर 28 अक्टूबर 2023 को रात 11.05 बजे ट्रेन को जम्मू पहुंचना था। लेकिन यह ट्रेन सात घंटे देरी से वाशिम पहुंची। फिर 14 घंटे देरी से जम्मू पहुंची। यानी ये ट्रेन 21 घंटे लेट हो गई। ऐसे में इस शख्स को वाशिम स्टेशन पर सात घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

- कोर्ट ने जुर्माना लगाया

जम्मू पहुंचने में ट्रेन को 21 घंटे देर हो गई। शिकायत में कहा गया है कि इसके कारण इस व्यक्ति की यात्रा योजना विफल हो गई। उन्होंने शिकायत की कि वह योजना के अनुसार जम्मू की यात्रा नहीं कर सके। इस याचिका पर वाशिम के जिला आयोग ने एक खास फैसला लिया है। क्योंकि रेलवे ने जिला आयोग के नोटिस का जवाब नहीं दिया था। इसके चलते आदेश में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने भारतीय रेलवे को 21 घंटे की देरी के लिए यात्री को मुआवजे के तौर पर 20 हजार रुपये देने का निर्देश दिया।

## बहराइच में लंगड़ा सरदार को पकड़ने में जुटा पूरा वन विभाग का आमला

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़िये का आतंक लगातार बढ़ रहा है। बीती रात, पुरवा गांव में राम किशन की बकरी पर एक भेड़िये ने हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। यह घटना उस स्थल के नजदीक हुई जहां हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भेड़िये की पहचान के लिए ड्रोन का उपयोग किया। ड्रोन की सहायता से भेड़िये की मौजूदगी की पुष्टि हुई, लेकिन वह टीम के पहुंचने से पहले ही भाग निकला। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि अंधेरे का लाभ उठाकर भेड़िया फरार हो गया, हालांकि विभाग ने त्वरित कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि दिन के समय की स्थिति में भेड़िये को पकड़ना आसान हो सकता था। वर्तमान में बहराइच में कुल छह भेड़िये सक्रिय हैं। पांच भेड़ियों को पकड़ा जा चुका है, लेकिन छठा भेड़िया, जिसे लंगड़ा सरदार कहा जा रहा है, अत्यंत चालाक साबित हो रहा है। वन विभाग ने इस पकड़ने के लिए नई रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है। विभाग ने मादा भेड़िये की करुणा भरी आवाज को लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रभावित इलाकों में बजाना शुरू किया है, ताकि भेड़िया उस आवाज की ओर आकर्षित हो सके। लेकिन भेड़िया इन प्रयासों को पहचान कर भाग जा रहा है। वन विभाग की टीमें अभी भी सक्रिय हैं और हर संभव प्रयास कर रही हैं ताकि छठे भेड़िये को जल्दी पकड़ा जा सके।

## तेलंगाना में 1.87 करोड़ रुपए में नीलाम हुआ गणेश लड्डू

**–मान्यता है नीलामी जीतने वाले को सालभर मिलता है आर्थिक लाभ**

हैदराबाद। तेलंगाना के बंदलागुडा जागीर में स्थित कीर्ति रिचमंड विला में गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम हुआ, जिसका समापन गणेश मूर्ति विसर्जन से पहले गणेश लड्डू की नीलामी के साथ हुआ। इस साल, गणेश लड्डू की नीलामी 1.87 करोड़ रुपये की गई और इस तरह पिछले साल के 1.26 करोड़ के रिकॉर्ड टूट गया। नीलामी में कुल 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जो 25-25 सदस्यों के चार समूहों में बांटे थे। एक समूह ने सफलतापूर्वक लड्डू को खरीद लिया। पिछले साल लड्डू जीतने वाले समूह ने ऐलान किया था कि धनराशि एक ट्रस्ट के तहत दान की जाएगी, ताकि छात्रावासों में गरीब छात्रों और समाज के अन्य जरूरतमंद लोगों जैसे वंचित वर्ग का विकास हो सके। दरअसल गणेशोत्सव को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में विनायक चविथि कहा जाता है। हर साल गणेशोत्सव के संपन्न होने के बाद नीलामी का आयोजन होता है। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। भक्तों का मानना है कि लड्डू जीतने से ईश्वरीय आशीर्वाद, समृद्धि और सफलता मिलती है। लड्डू को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और जो लोग इस नीलामी को जीतते हैं, उन्हें अक्सर पूरे साल भरपूर फसल और आर्थिक वृद्धि मिलती है। इस मान्यता ने नीलामी को एक छोटे पैमाने के आयोजन से एक भव्य परंपरा में बदल दिया है, जिसमें अब दूर-दूर से प्रतिभागी इसमें शामिल होने यहां आते हैं। गणेश विसर्जन जुलूस की तैयारी के लिए हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को यातायात एडवाइजरी जारी की है। सुचारू और सुविधाजनक यातायात के मद्देनजर जारी की गई एडवाइजरी मंगलवार सुबह से बुधवार दोपहर तक प्रभावी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों और श्रद्धालुओं से रूट मैप का पालन करने की अपील की है।

## रांची में लगातार बारिश से लोगों का जीना हुआ मुहाल, गली-मोहल्ले, सड़कें सभी डूबे

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में तीन दिनों से लगातार बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भीर गया है। बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं इसका प्रभाव आम जनजीवन पर पड़ रहा है। गली मोहल्ला और मुख्य सड़कों में भी पानी भरा है। लोगों को पैदल चलना और वाहनों को पानी से निकलने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। गली मोहल्ले में पानी लोगों के दुकानों और घरों में भर गया है। घरों का सामान पानी में तैरता नजर आ रहा है। रांची में किसी की घर की दीवारें टूट गई है तो किसी के घर का कुंआ धस गया है। ऐसा ही एक परेशानी इटकी प्रखंड के रहने वाले इश्तियाक के परिवार वाले झेल रहे हैं। दरअसल, इश्तेयाक का मिट्टी का घर है और लगातार बारिश ने पूरे परिवार का जीना दुभर कर दिया है। जमीन के अंदर से भी पानी निकल रहा है, जिस वजह से मिट्टी की जमीन कीचड़ में तब्दील हो गई है। इतना ही नहीं जमीन के अंदर से हो रहे पानी के रिसाव की वजह से घरों के अंदर मछलियां भी तैरती नजर आ रही हैं। लोगों का कहना है कि ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं होने से ऐसी स्थिति हल्की बारिश में भी बन जाती है, बीते दो दिनों से हो रही बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। हालांकि आज मौसम में बदलाव हो सकता है और फिलहाल बारिश रुकी हुई है। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि आज शाम से मौसम में सुधार हो सकता है।

## शिकोहाबाद की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 2 मासूम समेत 5 की मौत, मलबे में बदल गया मकान

फिरोजाबाद। यूपी के फिरोजाबाद स्थित नौशेरा के एक मकान में भारी मात्रा में पटाखे स्टोर किए थे। जिसमें अचानक धमाका हुआ और मकान देखते ही देखते मलबे में तब्दील हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि धमाके से आस-पास के कई मकान ढेह गए। इस हादसे में 2 मासूम समेत 5 की मौत हो गई। मरने वालों में तीन साल की मासूम और उसका डेढ़ साल का भाई भी शामिल है, जबकि छह लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान मीरा देवी (45), अमन (20), गौतम कुशवाह (18), कुमारी इच्छा (3) और डेढ़ साल के कालू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शिकोहाबाद के एक गांव में स्थित एक घर में लोगों ने पटाखों का स्टोरेज कर रखा था। जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। इस विस्फोट से आस-पास के मकानों की भी छत गिर गई है, जिससे कई लोग मलबे में दबे गए। साथ ही 4 लोगों की मौत हो गई है। आगरा रेंज के आईजी दीपक कुमार का कहना है, शिकोहाबाद पीएस क्षेत्र में एक घर में पटाखे रखे हुए थे और वहां विस्फोट हो गया। एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि घनी आबादी वाले इलाके में किसी भी प्रकार के पटाखा गोदाम की अनुमति देना प्रतिबंधित है। घनी आबादी वाले इलाके में यह गोदाम कैसे संचालित हो रहा था, इसकी जानकारी जुटाकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम भी जल्द ही मौके पर पहुंचेगी, ताकि राहत और बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके।विस्फोट के प्रभाव से पास के एक घर की छत ढह गई। पुलिस ने मलबे से 10 लोगों को बाहर निकाला। 6 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और 4 लोगों की मौत हो गई है। आगे का बचाव अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने ने कहा, अभी-भी कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। फायर विभाग और पुलिस विभाग की टीम और जिला प्रशासन पुलिस अधीक्षक और सीएमओ अधिकारियों की देख-रेख में राहत कार्य में लगे हुए हैं।

# 370 पर 5 जजों की बेंच का फैसला पलटवाएंगे उमर अब्दुल्ला, मगर कैसे? कर दिया बड़ा दावा



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से धारा 370 को लेकर एक बड़ा बयान दिया गया है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 370 को फिर से लागू करना असंभव नहीं है। पांच जजों की बेंच का 370 के खिलाफ फैसले को लेकर अब्दुल्ला ने कहा कि सात जजों की बेंच 370 के पक्ष में फैसला दे देगी। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं कई दिनों से कैंप करता आया हूं। अब पहले फेज का कैंपेन खत्म हुआ और दूसरे चरण का शुरू हुआ। अब इसमें तेजी आएगी। इस दौरान उमर से जब पूछा गया कि धारा 370 का वापस लौटना अमित शाह ने नामुमकिन बताया है। इस पर जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम ने कहा कि कोई चीज नामुमकिन नहीं है। अगर ऐसा होता तो सुप्रीम कोर्ट ने तीन बार 370 के हक में फैसला किया। जब बीजेपी के पास राजीव गांधी के ऐतिहासिक कामयाबी के दौर में 2 सांसद थे। तब नामुमकिन क्यों नहीं था।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अल्ला ताला का ये फैसला नहीं था। संसद का फैसला था और इसका कोई भी फैसला तब्दील हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पांच जजों की बेंच से आया है। अब्दुल्ला ने कहा कि क्या ये मुमकिन नहीं है कि सात जजों की बेंच बैठेगी और 370 के हक में दोबारा अपनी राय देंगे। कोई चीज नामुमकिन नहीं है। हमारा मानना ??है कि यह एक बहुत ही अस्थायी चरण होगा, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को राज्य और पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना होगा। अगर हमें यह स्वेच्छा से नहीं मिलता है, तो हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि हमें संसद में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से यह वादा मिला है कि जम्मू-कश्मीर को उसका राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा। हमें भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट से भी वादा मिला है। उमर ने कहा कि इसलिए जैसा कि मैंने कहा, यह विधानसभा वह विधानसभा नहीं है जिसे हम चाहते हैं, लेकिन हम जो विधानसभा चाहते हैं वह इसी विधानसभा से निकलेगी।

## एनडीए सरकार पूरा करेगी कार्यकाल, मोदी चौथी बार बनेंगे प्रधानमंत्री : मांझी


पटना। जीतन राम मांझी ने कहा कि केंद्र में एनडीए सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और नरेंद्र मोदी चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। केंद्र सरकार के एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद आदित्य ठाकरे की उस भविष्यवाणी का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र में एनडीए सरकार अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही गिर जाएगी। मांझी ने कहा कि एनडीए सरकार अपना तीसरा टर्म पूरा करेगी और नरेंद्र मोदी अगली बार भी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। जीतन राम मांझी ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि वो भविष्यवक्ता हैं क्या? अगर हैं तो पहले



अपना भविष्य देख लें। मांझी ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी अगली बार भी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को इसकी जरूरत है। इसको और पहले होना चाहिए था अब ये हो रहा है, इसके लिए भारत सरकार को धन्यवाद। बिहार में लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि जो लोग आज सवाल उठा रहे हैं, उनको अपने पार्टी के कार्यकाल के वक्त की तुलना करनी चाहिए। इस समय प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर बिल्कुल ठीक है। अगर कुछ कमी होगी, तो उस पर कार्रवाई होगी। बता दें कि इससे पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक मांझी अपने संसदीय क्षेत्र गया में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आज अपने संसदीय क्षेत्र गया जी के बेलागंज बाजार स्थित एंबिएंस हॉल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होकर अभिभूत हो गया। अटूट प्यार और समर्थन के लिए क्षेत्र के लोगों का तहे दिल से आभार।

# केरल में निपाह वायरस से बिगड़े हालात- न दुकानें खुलेंगी न शादी में ज्यादा मेहमान आ पाएंगे

**मलप्पुरम (एजेंसी)।** केरल के मलप्पुरम में कोरोना जैसे हालात हो गए हैं। यहां बढ़ते खतरे के चलते न तो ज्यादा संख्या में मेहमानों को बुलाया जा सकता है और न ही अपनी मर्जी से दुकानें और बाजार खोले जा सकेंगे। बता दें कि निपाह वायरस से 24 वर्षीय युवक की मौत के बाद सरकार एक्शन में आ गई है। केरल सरकार ने मलप्पुरम में कई कंटेनमेंट जोन बनाए हैं और उनमें प्रतिबंध लगा दिए हैं। मलप्पुरम जिले की दो पंचायतों के पांच वार्डों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है और बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र न होने के निर्देश दिए गए हैं।




निपाह वायरस को तेजी से बढ़ता देख जिला अधिकारियों ने कंटेनमेंट जोन में दुकानें शाम 7 बजे तक बंद करने को कहा है। कंटेनमेंट जोन में सिनेमा हॉल, स्कूल, कॉलेज, मदरसे, आंगनवाड़ी और ट्यूशन सेंटर बंद रहेंगे। इस बीच, मलप्पुरम जिले में आंशिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को कहा है। जिले में शादियों, अंतिम संस्कारों और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या कम करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने पुष्टि की है कि 9 सितंबर को मरने वाला 24 वर्षीय व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित था। जॉर्ज ने सोमवार को कहा कि मृतक मरीज की संपर्क सूची में फिलहाल 175 लोग हैं, जिनमें से 74 स्वास्थ्यकर्मी हैं। सभी को आइसोलेशन में रखा गया है।स्वास्थ्य विभाग ने 66 टीमें बनाई हैं और मृतक के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में बुखार का सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। निपाह संक्रमण के इलाज के लिए मलप्पुरम के एक लड़के की 21 जुलाई को मौत हो गई। यह इस साल राज्य में निपाह संक्रमण का पहला पुष्ट मामला था। कोझीकोड जिले में 2018, 2021 और 2023 में तथा एर्नाकुलम जिले में 2019 में निपाह का प्रकोप देखा गया है।

## स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सीएम को लेकर दागे सवाल, आप ने मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की जगह आम आदमी पार्टी (आप) का आतिशी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। केजरीवाल के आतिशी को सीएम बनाने के फैसले पर आप सांसद स्वाति मालीवाल ने सवाल खड़े कर दिए हैं। अब आप ने स्वाति मालीवाल से इस्तीफा मांगा है। आप नेता दिलीप पांडे ने कहा कि एक बात समझ लीजिए। स्वाति मालीवाल वह हैं जो राज्यसभा का टिकट तो आम आदमी पार्टी से लेती हैं लेकिन प्रतिक्रिया देने की स्क्रिप्ट बीजेपी से लिखवाती हैं।

दिलीप पांडे ने कहा कि अगर उनमें थोड़ी भी शर्म बाकी है तो उन्हें राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और बीजेपी के टिकट पर राज्यसभा जाना चाहिए। इससे पहले आप सांसद स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी के फैसले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लिए आज बहुत दुखद दिन है। उन्होंने आगे लिखा कि आज दिल्ली की सीएम एक ऐसी महिला को बनाया जा रहा है जिनके परिवार ने आतंकवादी अफ़ज़ल गुरु को फांसी से बचाने की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने दावा किया कि उनके माता-पिता ने आतंकी अफ़ज़ल गुरु को बचाने के लिए राष्ट्रपति से दया याचिकाएं की थी। उनके हिसाब से अफ़ज़ल गुरु निर्दोष था और उसको



राजनीतिक साज़िश के तहत फंसाया गया था।

उन्होंने कहा कि वैसे तो आतिशी मार्लेना सिर्फ़ डमी सीएम है, फिर भी ये मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। भगवान दिल्ली की रक्षा करे! आतिशी को आप विधायक दल का नेता और दिल्ली का नया सीएम चुने जाने के बाद दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली आप विधायक दल की बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से आतिशी को अगले दिल्ली चुनाव तक सीएम की जिम्मेदारी दी गई है। विपरीत परिस्थितियों में हमें यह जिम्मेदारी देनी पड़ी। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से केंद्र की बीजेपी सरकार और बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची और एजेंसियों का दुरुपयोग किया। जिस तरह से देश में सरकारें गिराई गईं, उसी तरह दिल्ली सरकार को भी गिराने की कोशिश की गई लेकिन इसमें वह सफल नहीं हुए और न ही होंगे। हमारी एकता ही हमारी ताकत है।

## अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राजनैतिक पैंतरेबाजी : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती ने आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का गुस्सा फूटा है। बसपा प्रमुख ने केजरीवाल के सीएम की कुर्सी छोड़ने वाले फैसले को चुनावी चाल और राजनीतिक पैंतरेबाजी बताया है। साथ ही पूछा कि दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं, उसका हिसाब कौन देगा। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित/जनकल्याण से दूर इनकी चुनावी चाल व राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके लम्बे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं उसका क्या? उसका हिसाब कौन देगा? मायावती ने आगे कहा कि सत्ता व विपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई शत्रुता स्तर तक कटु नहीं हो तो बेहतर ताकि उससे देश व जनहित प्रभावित ना हो। बीएसपी की यूपी सरकार को भी ऐसे दिन देखने पड़े जब केन्द्र की कांग्रेसी सरकार ने जेवर एयरपोर्ट व गंगा एक्सप्रेस-वे पर भी रोड़े अटकाए और जनहित व विकास को बाधित किया था।




## झारखंड में 20 सितंबर से शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**–राज्य में आदिवासी कम हुए, मुस्लिम आबादी बढ़ी**

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 20 सितंबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा की जानकारी दी। भाजपा नेता मरांडी ने यात्रा का उद्देश्य बताकर कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य वर्तमान हेमंत सरकार से पिछले पांच वर्षों का हिसाब लेना है। उन्होंने यात्रा को बेटी, रोटी, माटी की रक्षा, युवाओं के भविष्य और झारखंड में परिवर्तन लाने के संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। मरांडी ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और छह सांगठनिक प्रमंडलों में आयोजित होगी। 20 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच, बीजेपी की परिवर्तन यात्रा कुल 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान 80 स्वागत कार्यक्रम और 65 सार्वजनिक रैलियां होगी। हेमंत सरकार पर निशाना साधकर मरांडी ने कहा कि बीते पांच वर्षों में ठगबंधन सरकार ने झारखंड की स्वाभिमान, अस्मिता और पहचान को गंभीर चोट पहुंचाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार, लूट और खसोट के लिए बदनाम किया है। झारखंड की पहचान अब न केवल खान और खनिज संसाधनों की लूट से, बल्कि केंद्र की नल जल योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने के लिए हो गई है।

मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संरक्षक बनी है, जिससे राज्य की जनसंख्या संरचना में अप्रत्याशित बदलाव आया है। आदिवासी आबादी तेजी से कम हुई है, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ी है। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से जनता सोरेन से जवाब मांगने वाली है। यह यात्रा बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक मौके के रूप में देखी जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य की मौजूदा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाना और आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत जनसमर्थन जुटाना है।

# अखिलेश का आरोप, बेईमानी की... नहीं तो 50 से ज्यादा सीटें जीतते

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर लोकसभा चुनाव में बेईमानी का आरोप लगाया है। श्री यादव ने दावा किया कि अगर बीजेपी ने चुनाव में बेईमानी नहीं की होती, तब राज्य में इंडिया समूह 50 से ज्यादा सीटें जीत सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार के इशारे पर प्रशासन ने कई सीटों पर बेईमानी कर निष्पक्षता से चुनाव नहीं होने दिया।

श्री यादव ने कहा कि, गठबंधन की जीत के लिए मैं पीडीए परिवार का धन्यवाद करता हूं। पीडीए का नारा हमारे लिए सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह हमारी भावना बन चुकी है। इस चुनाव में रामपुर, बदायूं और कन्नौज में बीजेपी के नेताओं ने सपा कार्यकर्ताओं और वोटरों को परेशान किया।



उन्होंने कहा कि अयोध्या में बीजेपी सरकार ने लूट और भ्रष्टाचार किया है, इसके बाद वहां समाजवादियों को जनता का समर्थन मिला।

श्री यादव ने बीजेपी पर संविधान और आरक्षण के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने लेटरल एंट्री के जरिए कई भर्तियों की, लेकिन आरक्षण का पालन नहीं किया। कृषि विभाग और अन्य विभागों में लेटरल एंट्री के मामले में भी आरक्षण की अनदेखी हुई है। यादव ने कहा कि सपा ने पहले भी चेतावनी दी थी कि बीजेपी आरक्षण को नुकसान पहुंचा रही है।

इसके अलावा, अखिलेश ने सुल्तानपुर मामले का जिक्र कर कहा कि मुख्य आरोपी पर कई मुकदमे हैं, फिर भी मुख्य आरोपी को सरेंडर करने दिया गया, जबकि मंगेश यादव को पुलिस ने घर से उठाकर पांच सितंबर को मार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्यमंत्री ने पहले जेल में माफिया के साथ चाय-कॉफी नहीं पी थी और न ही मुख्यमंत्री ने अपने मुकदमों को वापस लिया था।

# कोलकाता दुष्कर्म हत्या कांडः सीबीआई ने खोलीं कई परतें, बताया किस तरह मिटाए गए सबूत

**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जांच में ऐसे कई सबूत सामने आ रहे हैं जो बताते हैं कि साक्ष्य मिटाने के लिए कई तरह के प्रयास किए गए है। जहां कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य संदीप घोष आत्महत्या प्रमाणित करने की कोशिश कर रहे थे वहीं संबंधित थाने के एसएचओ घटना की जानकारी मिलने के बाद भी काफी देर बाद कॉलेज पहुंचे थे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में सीबीआई का आरोप है कि पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने एफआईआर दर्ज करवाने में आनाकानी और देर की। इसके अलावा शव पर बाहरी चोट के निशान होने के बावजूद वह आत्महत्या की थ्योरी पर ज्यादा जोर दे रहे थे। 9 अगस्त को अस्पताल के सेमीनार हॉल में महिला डॉक्टर का शव पाया गया था। एजेंसी ने स्थानीय अदालत में उनकी हिरासत मांगते हुए रिमांड नोट में ये बातें कही हैं।

सीबीआई ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के हेड होते हुए भी उन्होंने अस्पताल की औपचारिकताएं समय पर पूरी नहीं करवाईं और शव को सीधा शवगृह में भेज दिया गया। वहीं एसएचओ अभीजीत मंडल पर आरोप है कि उन्हें सुबह 10 बजकर 3 मिनट पर ही जानकारी मिल गई ती इसके बाद भी वह तुरंत घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। वह 11 बजे वहां पहुंचे। इसके अलावा पुलिस की जनरल डायरी में जनबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई। इसमें लिखा गया कि अस्पताल की एक पीजी ट्रेनी को चेस्ट मेडिसिन विभाग के सेमीनार हॉल में बेहोशी की हालत में पाया गया। जबकि डॉक्टरों ने महिला डॉक्टर को मृत घोषित कर दिया था।इसके बाद भी मंडल ने घटनास्थल को खाली नहीं करवाया और वहां लोग आते-जाते रहे। ऐसे में सबूतों के साथ छेड़छाड़ को वह रोक नहीं पाए। सीबीआई ने दावा किया कि मंडल के ऐक्शन से ऐसा लगता है कि वह आरोपी संजय रॉय को बचाने की कोशिश कर रहे थे और अनाधिकृत लोगों को भी घटनास्थल पर जाने की इजाजत मिल गई जिससे कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ भी संभव है।

एजेंसी ने यह भी कहा है कि एफआईआर दर्ज करने में 14 घंटे की देरी हुई। घोष की वजह से 2 बजकर 55 मिनट पर लिखित शिकायत दी गई। हालांकि एफआईआर रात में 11 बजकर 30 मिनट पर दर्ज की गई। वहीं मंडल ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी भी ठीक से नहीं करवाई जो कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के तहत जरूरी है। ऐसे में संजय रॉय को भी इसका फायदा मिला। इसके अलावा मंडल ने शव का अंतिम संस्कार भी जल्दी से निपटाने की इजाजत दे दी। वहीं परिवार दोबारा ऑटोप्सी करवाने की मांग कर रहा था।मेडिकल कॉलेज की स्टाफ होने के बावजूद संदीप घोष पर




घटना की एफआईआर दर्ज करवाने को लेकर जानबूझकर देरी करने का आरोप है। इसके अलावा वह इसे सूइसाइड बताने की भी कोशिश कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने एसएचओ मंडल से 10 बजकर 3 मिनट बर बात की। इसके बाद दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर वकील से बात की लेकिन मृतक डॉक्टर के परिवार से नहीं मिले।

# योगी ने परखी वाराणसी की विकास परियोजनाएं

## गुंबद गिरने के दोषियों पर कार्रवाई को कहा, बाढ़ पीड़ितों से मिलकर बच्चों को खिलाई चॉकलेट

**वाराणसी ।** सीए योगी सोमवार रात विकास परियोजनाओं का निरीक्षण करने ग्राउंड पर उतरे। योगी का काफिला बजे सर्किट हाउस से निकला तो पूरे जिले के वायरलेस सेट पर अलर्ट जारी हो गया। सड़कों पर ट्रैफिक रोक दिया तो पुलिसकर्मी मुस्तैद हो गए। कचहरी-आशापुर संदहा मार्ग का चौड़ीकरण देखने पहुंचे योगी ने बारीकी से हर काम को देखा। कार्यदायी संस्था को चौड़ीकरण का काम जल्द पूरा करने को कहा। इसके बाद योगी और अधिकारी सारनाथ प्रो-पुअर और सारंगनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर के रेनोवेशन की प्रगति का निरीक्षण किया।





कार्यदायी संस्थाओं और इंजीनियर्य को मानक के हिसाब से समय पर काम पूरा कराने की हिदायत दी। योगी के सवालों पर अधिकारी जवाब देने में हड़बड़ाने लगे। तब योगी ने मुस्कुराते हुए अगले प्रोजेक्ट पर बात शुरू कर दी। उन्होंने कहा- निर्माण कामों में गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखें। समीक्षा बैठक में योगी ने रोपवे परियोजना में देरी पर भी नाराजगी जताई। इस पर DM ने तीन स्टेशन का निर्माण काम दिसंबर तक और बचे स्टेशनों का काम मार्च-2025 तक पूरा करने की बात कही। योगी ने रामनगर स्थित शास्त्री घाट पर बारादरी का गुंबद गिरने से श्रमिक की मौत को गंभीरता से लिया। नाराजगी जताते हुए पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था, कॉन्ट्रैक्टर और नोडल अधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। शास्त्री घाट पर बने सभी गुंबदों को दोबारा खोलकर उनका रेनोवेशन करने और पूरे काम क्षेत्र की बैरिकेडिंग कराने की बात कही। कार्यदायी संस्था UPPCL के सभी कामों की जांच कराने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में DM एस. राजलिंगम ने योगी के सामने शहर में शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक निर्माण आदि विभागों की परियोजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर पर दी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था की जानकारी दी। योगी ने कहा- बाढ़ का स्थायी समाधान करें। वरुणा रिवर फ्रंट को मॉडल के रूप में विकसित करें। इसमें सीवर और दूषित पानी न गिरे। बाढ़ के दौरान गंगा का पलट प्रवाह वरुणा नदी में न हो यानी गंगा का पानी वरुणा में न लौटे। वरुणा में हमेशा पानी रहे, इसलिए जगह-जगह चेकडैम बनाएं। नदी के दोनों तरफ घने पौधे लगाएं। देसी पद्धति पर ड्रेनेज का मॉडल विकसित करें। सभी फ्लाईओवर के नीचे सुंदरीकरण का काम कराएं।

भवनों के बेसमेंट में पार्किंग बनवाएं। योगी ने कहा- हर विकास काम की मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी का नाम तय करें। हर घर नल योजना के सभी कामों को 100% पूरा कराएं। IGRS, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिली शिकायतों का समय पर समाधान कराएं। ओवरलोडेड ट्रकों और वाहनों को जीरो पॉइंट पर ही रोकें। उन पर कार्रवाई करें। टूरिस्ट पुलिसिंग को प्रभावी बनाएं। सुरक्षा के मद्देनजर फुट पेट्रोलिंग बढ़ाएं। होटलों, दुकानों आदि में लगे अग्निशमन यंत्रों को अपडेट रखने की व्यवस्था कराएं। नाविकों, स्ट्रीट वेंडरों, व्यापारियों आदि समूहों के साथ नियमित बैठक करें। योगी की बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, टी राम, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

## लखनऊ में विधायक आवास में युवक की लाश मिली

**लखनऊ।** विधायक आवास परिसर में मंगलवार सुबह युवक की लाश मिली। शव पर जगह-जगह चोट के निशान हैं। ऐसे में हत्या किए जाने की आशंका है। शहर के VVIP इलाके में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए। घटना हुसैनगंज स्थित विधायक आवास (बर्लिंगटन-OCR) बिल्डिंग परिसर की है। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे विधायक आवास कैंपस में लाश मिलने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवक का शव विधायक परिसर में आवास में जाने वाली सीढ़ी के पास मिला है। शव मिलने के करीब 7 घंटे बाद शिनाख्त हो पाई। युवक का नाम हिमांशु पुत्र राजाराम है। वह लालकुआं के सब्दल बगिया का रहने वाला था। मृतक के



परिजनों तक पुलिस पहुंची है। मृतक हिमांशु के पिता राजाराम ने बताया कि बेटे का एक साल से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने से लोग हमेशा ध्यान रखते थे। वह, रात को कब निकल गया, किसी को कुछ जानकारी ही नहीं हुई। डीसीपी रवीना त्यागी ने कहा- युवक के हाथ, कलाई, कोहनी और कंधे पर चोट के निशान मिले हैं। हादसा और हत्या सभी एंगल पर जांच की जा रही है। मौके युवक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल नहीं मिला। आसपास के एरिया में सर्चिंग की जा रही है।

## कंस मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने पुलिस टीम के साथ की बैठक

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा में 17 से 19 सितंबर तक चलने वाले ऐतिहासिक कंस मेले में बेहतर इंतजामों के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी सहित अपर पुलिस अधीक्षक ने अंर्तजनपदीय व बाहरी जनपदों से आने वाली पुलिस टीम के साथ ब्रीफिंग की गई मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी सहित अपर पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों के बारे में प्वाइंट वार चर्चा की गई। गौरतलब है कि पुलिस बल को मेले के संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जिसमें भीड़भाड़ वाली जगहों के साथ ही मेला ग्राउंड शामिल हैं । मेले के दौरान यातायात के बेहतर इंतिजाम रखने के लिये यातायात व्यवस्था के बेहतर इंतिजाम किये गये है । जिसमें



पार्किंग और और पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग शामिल हैं भारी वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र के निकट प्रतिबंधित किया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरने के निर्देश दिए गए हैं ।मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षा पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। मेले के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी।

किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी की तैनाती की गई है, जो विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बरत रही है। भीड़भाड़ और धार्मिक स्थलों के पास सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना था।

ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल को सतर्कता व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी सरीला , क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु (कृष्णकांत त्रिपाठी) व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

## अवैध बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड लगातार हटाने के लिए कार्य किया जाएगा डीएम

### नेशनल हाईवे पर अवैध बस स्टैंड बंद होने का नाम नहीं ले रहे हैं राजस्व विभाग को लग रहा बाढ चुना

संस्कार उजाला

**पुवायां शाहजहांपुर** पुवायां मुख्यमंत्री से लेकर डीएम, एसपी तक के निर्देश हैं कि लखनऊ पलिया हाईवे पर अवैध टैक्सी स्टैंड नहीं चलने चाहिए। इसके बावजूद जनपद में नहीं चलेंगे को एसपी का वाहन निकलने के दौरान भी हाईवे पर टाटा मैजिक और टेंपो चालक सवारियां भरते दिखे। यह हाल तब रहा जब खुद थाना प्रभारी राजीव चौक पर मौजूद रहकर व्यवस्थाएं संभाल रहे थे। पुवायां से बंडा हाईवे पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहा है। यहां हाईवे पर ही मैजिक और टेंपो चालक सवारियां भरते हैं। टैक्सी स्टैंड की कोई जगह न होने और हाईवे पर हो सवारियां भरने के बाद भी वाहन चालकों से स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली की जाती है।



पुवायां से खुटार हाईवे पर तो रोडवेज बस स्टैंड के सामने ही टैक्सी स्टैंड चलाया जा रहा है। यहां भी वाहन खड़े करने की कोई जगह नहीं है और हाईवे पर ही वाहन खड़े कर सवारियां बिठाई जाती हैं। राजीव चौक पुवायां का सबसे व्यस्त चौराहा है, यहां आए दिन जाम लग जाता है, लेकिन चौराहे के पास ही अवैध टैक्सी स्टैंड चल पा और हाईवे पर ही वाहन खड़े किए जाते हैं। राजीव चौक पर दिन भरी पुलिस मौजूद रहती है लेकिन हाईवे पर खड़े डग्गामार वाहनों को हटवाने की जरूरत नहीं समझती है। खुटार पुवायां नेशनल हाईवे पर लगातार डागा मारा वाहन खड़े होते हैं और सवारियां भरते हैं स्थानीय प्रशासन इसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत नहीं समझता है जानकारी मिली है कि जनपद में लगातार अवैध बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं इनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिला अधिकारी शाहजहांपुर।

## बस्ती में एपीएन कॉलेज के छात्र नेता की मौतः दूसरा घायल



**बस्ती ।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मालवीय रोड पर बाइक सवार दो युवक डिवाइडर से टकरा गए, जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। युवक शहर के एपीएन डिग्री कॉलेज का छात्र नेता था। पुलिस ने छात्र नेता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह दोस्तों के साथ पार्टी कर घर लौट रहा था। विमलेश त्रिपाठी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अईठी गांव का रहने वाला है। भाई राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार की रात में वह अपने दोस्त विशाल पाठक के साथ बाइक से किसी काम से शहर गए थे। मालवीय रोड स्थित पीएमसी हॉस्पिटल के पास इनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसके चले दोनों घायल हो गए, जिन्हें पड़ोस के पीएमसी हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले गए।

## थाना खुदागंज पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

### खुदागंज पुलिस द्वारा मुकदमे मे वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।



संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर**

शाहजहाँपुर के निर्देशन व मनोज कुमार अवस्थी,अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व श्री अमित चौरसिया क्षेत्राधिकारी तिलहर नेतृत्व मे संक्रिय अपराधियो ,वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान में थाना खुदागंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार । दिनांक 17 .09 .2024 को वादिनी की पुत्री को अभियुक्त विक्रम सिंह द्वारा शादी करने के उदेश्य से भगा ले जाने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 233/2024 धारा 137(2)/87 इठर मे पंजीकृत किया गया था पीडिता द्वारा दिये गये बयानो के आधार पर अभियुक्त विक्रम सिंह र/0 प्रभाकर सिंह नि0ग्राम नवादा दरोबस्त थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर की लगातार तलाश जारी थी जिसके क्रम मे मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 17 .09 .2024 को समय 12 .21 स्रे बजे नवादा मोड़ के खोखे से आगे वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त–विक्रम सिंह र/0 प्रभाकर सिंह नि0ग्राम नवादा दरोबस्त थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

## मुंडन कराने संगम आए, कोई बच्ची को उठा ले गया

**प्रयागराज ।** अंबेडकर नगर से आए एक परिवार दो साल की बच्ची का मुंडन संगम पर कराने के लिए आए थे। रात में सोए कि भोर में मुंडन कराएंगे। रात के अंधेरे में किसी ने उनकी 2 साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया। यह काम बच्चा चोरी करने वाले गिरोह का माना जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर बैठ गई। परिवार के लोग अंबेडकर नगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं। अंबेडकर नगर के थाना सम्मनपुर के सिकंदरपुर के रहने वाले शंकर कुमार अपनी पत्नी मनीता और दो साल की इकलौती बेटी सलोनी के साथ प्रयागराज आए। 9 सितंबर की रात वह संगम क्षेत्र में परेड पर पहुंच गए। सुबह सुबह मुंडन कराना था तो लोगों ने कहा परेड पर ही रुक जाओ। शंकर का कहना है कि रात करीब एक से दो के बीच किसी ने उनकी बेटी सलोनी को अगवा कर लिया। सुबह 4 बजे पत्नी-पत्नी की आंख खुली तो बच्ची को गायब देख उनके होश उड़ गए। घंटों तलाश के बाद वह लोग दारागंज थाने पहुंचे और



बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद भी लगातार बच्ची को तलाश करते रहे लेकिन पता नहीं चला। परिवार का कहना है कि बच्चा चोरी करने वाला गिरोह सलोनी को उठा ले गया। पुलिस की जांच में भी अब तक कुछ साफ नहीं हुआ है। पति-पत्नी अंबेडकरनगर से प्रयागराज का चक्कर काट रहे हैं। दारागंज पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। कई जगह के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए गए हैं। इससे पहले दारागंज में कच्ची सड़क से 9 साल की एक बच्ची को अगवा किया गया था। दारागंज में रहने वाले राजेश पटेल मूल रूप से जौनपुर के ऊंचगांव दद्दान गांव के रहने वाले हैं। उनकी नौ वर्षीय बेटी शिल्पा 23 जून की शाम खेलने निकली और लापता हो गई थी। दारागंज से लेकर शहर के अलग-अलग कोनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो सुराग मिला। नैनी रेलवे स्टेशन पर लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज से एक शख्स बच्ची को ले जाता दिख गया। इसके बाद पुलिस ने कौशांबी के युवक को अरेस्ट कर बच्ची को बरामद किया था। वह बच्ची को बेचने की फिराक में था। हालांकि उस बच्ची अगवा करने वाले अभी जेल में हैं। संगम क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास से तीन वर्षीय बालिका का अपहरण हुआ था। दारागंज पुलिस ने तीन आरोपितों को नैनी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। तीनों के कब्जे से अपहत बालिका बरामद की गई है। राजस्थान के अलवर जिले के बीजवाद गांव के रहने वाले विक्की की तीन वर्षीय बेटी का हनुमान मंदिर के पास से अपहरण हुआ था। विक्की की पत्नी कल्पना ने दारागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने सड़कों के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। पता चला कि एक पुरुष और दो महिलाएं बालिका को लेकर नैनी की तरफ गए हैं। पुलिस टीम ने अमन मिश्रा उसकी पत्नी अंकिता और हेमा को गिरफ्तार किया।तीनों आगरा के फतेहाबाद के रहने वाले थे।

## संक्षिप्त डायरी

### विधायक पी.एन पाठक ने संभाल रखी है सदस्यता अभियान की कमान



न्यूज स्पीक्स

**कसया, कुशीनगर।** मंगलवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक की अगुवाई में दर्जनों गांवो और चौक चौराहों पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाकर घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाया गया। कुशीनगर मण्डल के गांव कनखोरिया, भलुहीमदारी पट्टी, विशुनपुरा अनिरूधवा सोनबरसा डीह पकवा इनार डुमरी समेत दर्जनों गांवों में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रत्येक दिन दर्जनों गावो में जाकर भारी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिला रहें है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐतिहासिक विकास कर रही है, भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पो को पूरा किया है। जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ हैं आगे कहा कि भाजपा ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। इसलिए जनमानस का अटूट विश्वास भाजपा के साथ है। केंद्र और प्रदेश सरकारों की प्रत्येक योजना गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए समर्पित है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, आद्या पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, अखिलेश मिश्रा, नीतीश यादव, छेदी शर्मा, बैरिस्टर भारती, प्रदीप कुशवाहा, संजीव दुबे समेत लोग मौजूद रहे।

### देश को जोड़नें वाली भाषा है हिन्दीः सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय



**कुशीनगर।** वाराणसी में आयोजित हुए 11 वें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी अधिवेशन में फाजिलनगर कस्बे के निवासी सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय 'मन्नू' ने न्यायपालिका में हिंदी की भूमिका नाम से शोध पत्र व अपनी कविता का पाठ करके क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र के साहित्यकार व कवियों ने खुशी जताई है। वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 14 व 15 सितंबर को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन भाषा सहोदरी के नाम से किया गया। देश के कई नामी गिरामी साहित्यकारों, कवियों व कलाकारों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। यह देश की सबसे अधिक लोगों के द्वारा बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है।सरकार ने इसके विकास में कई काम किए हैं। बोलचाल के साथ कामकाज की भाषा बन जाने पर हिंदी का प्रचार प्रसार और अधिक होगा। उनको बधाई देने वालों में डा. उमाकांत राय, डा.इंद्रजीत मिश्रा, विमर्श अध्यक्ष आरके भट्ट, मधुर के अध्यक्ष मधुसूदन पांडेय, निराला संवाद के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, रमापति रसिया, भ्रमर के भूपेंद्र राय गंवार, अवध किशोर अवधू, आकाश महेशपुरी, सत्य प्रकाश शुक्ला आदि ने खुशी जताई है।

### गोरखपुर के गोला में घाघरा का जलस्तर बढ़ाः घरों में घुसा बाढ़ का पानी



**गोरखपुर ।** नगर पंचायत गोला के अंतर्गत आने वाले बिसरा के कई टोले घाघरा नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। बाढ़ का पानी गांव के मौर्या टोला, बाबू साहब टोला और बढ़ई टोला के कई घरों में घुस गया। जिससे स्थानीय निवासियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। गांव के करीब 100 एकड़ में फैली धान की फसलें पूरी तरह से डूब चुकी हैं। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है। गांव वालों का कहना है कि उनके क्षेत्र को हर साल बाढ़ से नुकसान होता है, लेकिन उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की सुविधाएं नहीं मिलतीं। मुआवजे की बात तो दूर, कभी-कभार राशन जैसी छोटी-मोटी मदद ही मिल पाती है। स्थानीय निवासी जगदीश मौर्य, राजेश मौर्य, जय किसुन कन्नौजिया, विनोद यादव, रिंकू यादव, और डॉ. श्याम प्यारे यादव ने बताया कि बाढ़ का मुख्य कारण डिहवा से बिसरा तक बने बंधे पर लगा रेगुलेटर है। यह रेगुलेटर जर्जर हो चुका है और जब नदी का पानी बढ़ता है, तो इसका दबाव सहन नहीं कर पाता, जिससे पानी रिसकर गांव के निचले हिस्सों में फैल जाता है। यह पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेता है और हर साल गांव में भारी तबाही मचाता है। प्रभावित क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि हर साल धान की करीब 100 एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है। इसके अलावा, राम जानकी मार्ग को क्रॉस करता हुआ यह बाढ़ का पानी बढ़ई टोला को भी प्रभावित करता है, जिससे सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और बाढ़ से हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि हर साल होने वाली इस परेशानी से उन्हें निजात मिल सके।

### बिहार भेजी जा रही शराब की खेप लखनऊ में पकड़ाई

**लखनऊ।** हरियाणा के सोनीपत से बिहार भेजी जा रही शराब की खेप को आबकारी विभाग की टीम ने लखनऊ में पकड़ लिया है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम से पैंकिंग कर शराब की सप्लाई की जानी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेप को पकड़ लिया है। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग को मुखबिर ने सूचना दी कि बिहार के लिए शराब की तस्करी लखनऊ के रास्ते की जा रही। इस पर आबकारी और पुलिस विभाग की टीम ने शहीद पथ पर (औरंगाबाद अंडरपास के पास) ट्रक को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान शुरू कराया। इस दौरान यूपी नंबर की ट्रक आती दिखी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने उसे रोक लिया। ट्रक में 145 पेटी शराब और 50 पेटी भूसी रखी गई थी। शराब की बोतलों पर पंजाब की एक ब्रांडेड कंपनी इंपीरियल रिजर्व ग्रेन व्हिस्की ब्रांड का स्टीकर लगा था। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर धर्मेंद्र निवासी जटीपुर थाना सालखना, जिला पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया है। ट्रक जिसका नंबर था। उसे कब्जे में लिया गया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत

भिवानी : तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक पर पीछे बैठे बुजुर्ग ने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा भिवानी-महम मुख्य मार्ग पर गांव कालुवास रेलवे ओवरब्रिज के समीप हुआ। रोहतक पीजीआई में औद्योगिक थाना पुलिस की टीम ने पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं घायल बाइक चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। औद्योगिक पुलिस थाना में दिए बयान में समर गोपालपुर निवासी कुलदीप ने बताया कि गत 15 सितंबर को बाइक पर अपने ताऊ सुरत सिंह के साथ गांव दिनोद आए थे। दिनोद से बाइक पर अपने गांव समर गोपालपुर जा रहे थे तो भिवानी-महम मुख्य मार्ग पर गांव कालुवास रेलवे ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में उसे गंभीर चोटें आई जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका ताऊ भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को पहले जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। वहां उसके ताऊ सुरत सिंह ने दम तोड़ दिया जबकि उसका इलाज चल रहा है। औद्योगिक पुलिस थाना के जांच अधिकारी ने पीजीआई में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया वहीं घायल बाइक चालक कुलदीप की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

## कुरुक्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद : पुलिसकर्मी पर किया तेजधार हथियार से हमला, घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती



कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि वह पुलिस कर्मियों पर भी हमला करने से गुरेज नहीं करते। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सोमवार शाम तब दिखा जब ज्योतिसर चौकी इंचार्ज पर 15 -20 युवकों ने लाठी व तेज धार हथियार चाकू से हमला कर दिया। बुरी तरह से जख्मी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रिंस को अस्पताल ले जाया गया जहां उसका सिटी स्कैन करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। घायल पुलिसकर्मी का कुशलक्षेम जानने के लिए पहुंचे कुरुक्षेत्र के एसपी वरुण सिंगला ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि एक पुलिस उपनिरीक्षक पर 10/12 लोगों ने हमला किया है। जानकारी मिलने पर वह कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल पहुंचे हैं व पुलिसकर्मी से मिले है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच नियमानुसार जारी रहेगी।

## हरियाणा के सोनीपत में भीषण हादसा, 2 बसों के बीच आमने-सामने की टक्कर, मौके पर मची चीख-पुकार



सोनीपत। सोनीपत के खरखोदा के गांव बरोना के पास सोमवार शाम को दो बसों में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें तीन दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को खरखोदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीएम श्वेता सुहाग खरखौदा अस्पताल में पहुंची। जहां पर उन्होंने चिकित्सकों से हादसे में घायल मरीजों की हालत को लेकर अपडेट ली और सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बात कही। बताया जा रहा है कि जब दोनों प्राइवेट बसों की आमने-सामने की टक्कर हुई तो बसें सवारियों से भरी हुई थी। इस दौरान अचानक चीख पुखार निकलने लगी और आसपास में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मौके पर खरखोदा थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल खरखौदा भेजा। वहीं बसों की आमने-सामने की टक्कर में 40 से 45 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, घायलों को आसपास के अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया है, ताकि उनका इलाज अच्छे से हो सके। इस पूरे मामले की जांच की जाएगी किस कारण यह हादसा हुआ है यह भी देखना होगा कि तेज रफ्तार में कौन था और कैसे हादसा हुआ।

## जीत के लिए मैदान में उतरे बीजेपी के दिग्गज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में करेंगे तीन रैलियां : मोहनलाल बड़ोली

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा पूरी रणनीति के तहत काम कर रही है। इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री हरियाणा में तीन रैली करेंगे। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश चुनावी मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने बताया कि हरियाणा में इस बार भी भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोहनलाल बड़ोली ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर हरियाणा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन आशीर्वाद रैली 26 सितंबर को सोनीपत में होगी। सोनीपत रैली का संयोजक मैं खुद रहूंगा। इसके अलावा हिसार में नरेंद्र मोदी की रैली होगी और इस रैली के संयोजक कुलदीप बिश्नोई होंगे। प्रधानमंत्री 2 अक्टूबर को पलवल में रैली करेंगे और इसके संयोजक कृष्णपाल गुर्जर होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि 18 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रदेश की राजनीतिक राजधानी रोहतक में भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे। मोहनलाल बड़ोली ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन तो है ही, साथ ही आज केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तीसरे कायकाल के 100 दिन पूरे हो रहे हैं। भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में ही 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई। 3 लाख करोड़ की सड़क, रेलवे की परियोजनाएं शुरू की, इन 100 दिनों में 11 लाख नई लखपति दीदी बनाई। बीते 100 दिनों में प्रधानमंत्री ने देशहित के लिए जितनी परियोजनाओं और विकास कार्यों की घोषणा की है, उतना कार्य कांग्रेस सरकार अपने दशकों के शासन में भी नहीं कर पाई थी। इन परियोजनाओं में देश के सभी वर्गों के लोगों का ध्यान रखा गया। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के साथ-साथ समाज के अन्य सभी वर्गों को समान रूप से लाभान्वित करने वाली जनकल्याणकारी योजनाएं निर्धारित की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान हरियाणा भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, भाजपा मीडिया सह प्रभारी अशोक छाबड़ा, शमशेर खरक, संदीप आजाद, भाजपा नेता राजकुमार कटारिया और रोहतक मीडिया प्रमुख सनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोहतक में कांग्रेस पर बोले मनोहर लाल: हुड्डा गैंग से बचकर रहना, नहीं तो फिर खड़ी होंगी दुविधाएं; फिर करेंगे झूठे वायदे

चंडीगढ़। केंद्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक में प्रबुद्ध समाज सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में उद्योगपति, व्यापारी, डॉक्टर और एडवोकेट आदि सभी तरह के प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में मनोहर लाल ने भाजपा और कांग्रेस के 10-10 साल के कार्यकाल का अंतर बहुत ही कम शब्दों में समझाया।

मनोहर लाल ने कहा कि सभी प्रबुद्धजन यहां बैठे है और सभी को पता होगा कि 10 साल पहले जब कांग्रेस का कार्यकाल था तो व्यापार करने में कितनी परेशानी होती थी। भाजपा ने व्यपार को सरल कर दिया है। 10 साल पहले दबंगई होती थी, दुकानदार मंथली और हफ्ता देते थे, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हमने ये सब खत्म कर दिया। आज कोई दुकानदार मंथली या हफ्ता नहीं देता। सिर्फ जो सरकारी फीस होती है वहीं देते हैं। मनोहर लाल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये भी चुनाव में ढेरों वादे करेंगे, लेकिन आप लोगों को समझना है कि इनके वादे धरातल पर लागू होंगे या नहीं। जहां भी कांग्रेस की सरकार बनी है और इन्होंने जितने भी वादे किए हैं, अब सबसे कांग्रेस पीछे हट रही हैं। झूठे वादे कर दिए, लेकिन सरकार के पास वादे पूरे करने के लिए पैसे ही नहीं हैं। इसलिए लोगों को इनकी झूठी बातों के झांसे में नहीं आना है।

### हुड्डा गैंग से बचकर रहना नहीं तो दुविधाएं फिर शुरू हो जाएंगी

उन्होंने कहा कि हुड्डा गैंग से बचकर रहना नहीं तो 10 साल पहले की तरह सभी दुविधाएं फिर शुरू हो जाएंगी। वैसे भी कांग्रेस हार की ओर बढ़ रही है, प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने जा रही है। मनोहर लाल ने कहा कि इतिहास उठाकर देख लो 50 साल में केंद्र में जिस पार्टी की सरकार है उसी पार्टी की सरकार हरियाणा में भी रही है। हरियाणा की जनता समझदार है और इस बार भी भाजपा को जिताकर सेवा का मौका देगी। प्रबुद्ध समाज सम्मेलन के संयोजक उद्योगपति राजेंद्र बंसल रहे। सम्मेलन में मनीष ग्रोवर पूर्व विधायक, सरिता नारायण पूर्व विधायक, राजेंद्र बंसल संयोजक, प्रकाश आहूजा सदस्य उद्योगपति, दीपक जिंदल सदस्य, धीरज चावला सदस्य प्रधान बिल्डर्स एसोसिएशन, मनमोहन गोयल पूर्व मेयर, राजकुमार सहगल पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर, शमशेर खरक प्रदेश मीडिया सहप्रभारी, प्रो. मदनलाल, अशोक खुराना, राज शर्मा, प्रकाश अहूजा, चंद्र गर्ग सहित जैन सभा , वैश्य एजूकेशन सोसायटी से जुड़े लोग और अन्य कई संस्थाओं के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस शासित प्रदेशों में परेशान हैं व्यापारी

केंद्रीय ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की तुलना पंजाब, हिमाचल और दिल्ली से कर लो फर्क साफ नजर आएगा। दिल्ली में व्यापारी बदहाल हैं। लेकिन हरियाणा में आज उद्योगपति अपने कारखाने लगाना चाहते हैं। अगर हरियाणा में कोई नई इंडस्ट्री लगाना चाहता है तो उसे हर तरह के लाइसेंस 45 दिनों में ही मिल जाते हैं। जिसे जितनी जरूरत होती है उतनी बिजली भी मिलती है। ऐसाा पहली बार है कि हरियाणा के करीब 5900 गांवों को 24 घंटे बिजली मिल रही है।

### घबराई हुई है कांग्रेस

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस घराई हुई है, इसके साथ कोई गठबंधन करने को राजी नहीं। कांग्रेस को अपनी जीत पर इतना ही विश्वास था तो गठबंधन क्यों कर रहे थे। दरअसल कांग्रेस हार की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस के नेता झूठ फैलाते हैं कि भाजपा संविधान को खत्म कर देगी, अब राहुल गांधी खुद विदेश में जाकर आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। ये लोग आम आदमी और गरीब का अधिकार छीनते हैं, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। कांग्रेस की भाईचारा बिगाड़ने की साजिश हम तीन बार झेल चुके हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होने देंगे।

### रोहतक में करवाया विकास

मनोहर लाल ने कहा कि हमने रोहतक और करनाल ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास करवाया। देश का पहला प्रोजेक्ट रेलवे एलिवेटेड ट्रैक हमने रोहतक में बनवाया। आज शहर से सभी फाटक खत्म हो गए हैं। एलिवेटेड रोड बनवाया गया, इससे शहर की जाम की समस्या खत्म हो गई है। व्यापारी और दुकानदार आज एलिवेटेड रोड के लिए भाजपा का आभार जताते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि हमने कांग्रेस के कार्यकाल में नौकरियों के रेट तय थे, लेकिन हमने उस परिपाटी को बदला और योग्यता के आधार पर नौकरी दी। ग्रुप सी और डी में इंटरव्यू खत्म किए। इनकी बदली, भर्ती और सीएलयू इंडस्ट्री को भाजपा ने बंद कर दिया है। इनके ऐजेंड बेरोजगार हो गए हैं, इसलिए इन्हें बेरोजगारी नजर आ रही है। जबकि सच्चाई ये है कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में करीब 80 हजार युवाओं को नौकरी दी, जबकि भाजपा ने 1 लाख 46 हजार को नौकरी दी। भर्ती रोको गैंग ने 25 हजार भर्ती रुकवा दी।



### 2016 में रोहतक फूंक दिया, दुकानदारों का क्या कसूर था: मनीष ग्रोवर

रोहतक विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने प्रबुद्ध समाज सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में दुकानदारों को भय रहता था, कोई सुबह घर से निकलता था तो पता नहीं होता था कि शाम को घर वापस आएगा या नहीं। लेकिन भाजपा की मनोहर सरकार ने आते ही व्यापारियों को सुरक्षा दी और आज व्यापारी भय मुक्त हैं। ग्रोवर ने कहा कि 2016 में रोहतक को फूंक दिया गया। इसमें इन दुकानदारों का क्या कसूर था। लोकसभा के चुनाव में हुड्डा का पूरा कुनबा सड़क पर था। रोहतक के लोग भाजपा को चाहते हैं और इस बार जीत सुनिश्चित है। ग्रोवर ने मनोहर लाल के सामने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और आपके पास शहरी विकास मंत्रालय है। मैं रोहतक को स्वच्छता के मामले में नंबर-1 बनाना चाहता हूं। मास्टर प्लान बनाकर पूरे रोहतक में नई सीवर लाइन बिछवाने का सपना है। पानी की समस्या का समाधान करवाएं।

# हलोपा-इनेलो के गठबंधन में बीजेपी ने डाली दरार, अभय चौटाला ने कही ये बड़ी बात

सिरसा। हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर जहां चुनावी सरगर्मियां बढ़ती जा रही हैं, तो वही सिरसा के राजनितिक समीकरण पलपल बदलते जा रहे हैं। अभी दो-तीन दिन पहले जहां सिरसा से हलोपा उम्मीदवार गोपाल कांडा को इनेलो और बसपा गठबंधन का साथ मिला तो वहीं अब सिरसा से बीजेपी के प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा ने अपना नामांकन वापिस ले लिया और गोपाल कांडा को समर्थन करने का ऐलान कर दिया। जिसको लेकर अब इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला का बयान सामने आया है। अभय चौटाला ने कहा कि



अगर बीजेपी ने गोपाल कांडा का समर्थन किया है और गोपाल कांडा ने समर्थन लिया है तो वो इनेलो-बसपा और हलोपा गठबंधन पर दुबारा से विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे तो कोई कांग्रेसी बदनाम करने के लिए किसी को कह दे कि अभय सिंह को समर्थन दे दिया, इसलिए वो इस मामले में खुद सारी पड़ताल करंगे और गोपाल कांडा से बात करके ही सारा फैसला लेंगे। अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी से हटकर लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों का भी साथ लेकर गठबंधन को बड़ा किया जाएगा। वहीं कुलदीप बिश्नोई के विरोध के सवाल पर अभय ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा का विरोध हो रहा है, स्वागत तो बस इनेलो-बसपा का हो रहा है।


## पूर्व विधायक सुभाष चौधरी की मौत, ब्रेन हेमरेज की वजह से अस्पताल में थे भर्ती

पलवल। हरियाणा के पलवल जिले के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी की मौत हो गई। सुभाष चौधरी ब्रेन हेमरेज की वजह से अस्पताल में भर्ती थे। यह लगभग एक हफ्ते से बीमार थे।

बता दें कि सुभाष चौधरी लंबे समय से राजनीति में जुटे रहे है। विधानसभा चुनाव 2024 में सुभाष चौधरी कांग्रेस पार्टी से टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। हालांकि कांग्रेस ने करण दलाल को दे दिया। जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। सुभाष चौधरी पलवल जिले की राजनीति का जाना-माना चेहरा थे। वह कई बार पार्षद के साथ नगर परिषद के अध्यक्ष भी रहे। 1996 में उन्होंने पहली बार बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ा और वह दूसरे स्थान पर रहे।

### 2009 में पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल को हराया

इसके बाद उन्होंने लगातार चुनाव लड़े। 2009 में उन्होंने इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए पूर्व मंत्री करण



सिंह दलाल को हराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समधी करण दलाल को हराने के बाद सुभाष चौधरी पूरे प्रदेश की सुर्खियों में रहे। उन्होंने 2014 का चुनाव फिर से इनेलो की टिकट पर लड़ा, मगर वह कामयाब नहीं हो पाए। 2019 के चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गए, मगर उन्हें भाजपा से टिकट नहीं मिली। लोकसभा चुनाव-2024 से पहले उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को अपना समर्थन दिया। लोकसभा चुनाव के बाद उन्होंने कांग्रेस से पलवल विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी ठोक दी। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल पर ही विश्वास जताया।

# नायब सिंह पर बरसे सुरजेवाला, कहा- बौखला गए हैं मुख्यमंत्री... भगवान सद्बुद्धि दें

कैथल। मुख्यमंत्री नायब सिंह के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस से राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि नायब सैनी का व्यक्तिगत तौर पर हम बहुत सम्मान करते हैं, परंतु राजनीतिक तौर पर नायब सैनी बौखलाए हुए हैं और आए दिन वह अनर्गल बचकानी गाली गलौच की भाषा का इस्तेमाल करने लगे हैं। मैं इसके लिए परमात्मा से प्रार्थना करूंगा कि भगवान उनको सद्बुद्धि दें।



सुरजेवाला परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जनता किसको चुनेगी। जनता भगवान है और जो भगवान का अनादर करता है वह भगवान का अपमान कर रहा है। यह लोगों का फैसला है कि वह किसको चुनें।

कुमारी सैलजा पर बोलते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कुमारी सैलजा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हैं, मेरी बहन है। उन्होंने कड़े तेवर में कहा कि कुमारी सैलजा के बारे में किसी को भी पूरे प्रदेश में अभद्र टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है, अगर वह व्यक्ति कहीं ना कहीं हमारी पार्टी से है तो मुझे उम्मीद है प्रदेश अध्यक्ष उदयभान उस पर कार्रवाई करते हुए उसे बाहर का रास्ता दिखाएंगे। उसे व्यक्ति के खिलाफ उचित क्रिमिनल कार्रवाई होगी।

सीईटी की जॉइनिंग ना होने पर उन्होंने बोलते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया कि अमित शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री जुमले गढ़ते हैं। ऐसा लगता है कि बीजेपी की प्रांतीय यूनिट ने भी जुमले बाजी की नई मिसाल और रास्ता बनाने का फैसला किया है। उन्हें अगर नौकरियां ही देनी थी तो 10 वर्ष तक किसने पाबंदी लगा रखी थी। 6 वर्षों में एक बार ष्द्गह्ल का पेपर हुआ था और वही रद्द हो गया, क्योंकि उसके मापदंड सही नहीं थे।

मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगा कि जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस की सरकार बनेगी। तब कांग्रेस सीईटी की पूरी प्रक्रिया पर पुनः विचार करेंगे। क्योंकि इसने बच्चों पर बहुत ही अत्याचार किया है बाकी पार्टी सामूहिक रूप से निर्णय लेगी।

## वोट के लिए शराब, उपहार का लालच दे रही हैं पार्टि,यां तो इस एप पर करें शिकायत... तुरंत होगा हल

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान अगर कोई पार्टी या प्रत्याशी रिश्वत, उपहार का लालच दे रहा है या किसी पार्टी द्वारा शराब वितरण, अवैध होर्डिंग, पोस्टर, बैनर लगाए जा रहे हैं तो चुनाव आयोग के सी विजिल एप पर शिकायत कर सकते हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किसी भी तरह की शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि एप के माध्यम से आम नागरिक निर्वाचन आयोग से किसी भी दल अथवा प्रत्याशी की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। यह एप सभी एंड्रायड स्मार्ट फोन पर आसानी से काम करता है। सी विजल एप के माध्यम से एफआईआर भी दर्ज हो रही हैं। जिला प्रशासन की टीमें एप से मिली शिकायतों का तुरंत संज्ञान ले रही हैं। शिकायतकर्ता फोटो, वीडियो, ऑडियो रिकॉर्ड करके एप के जरिए भेज सकता है।

# हिसार से निर्दलीय प्रत्याशी तरुण जैन को मिला 'बिजली का खंभा' चुनाव चिन्ह, कहा- जनता के हितों के लिए हर हाल में लड़ूंगा चुनाव

हिसार। बिजली का खंभा चुनाव चिह्न मिलते ही जनता के उम्मीदवार तरुण जैन ने हिसार विधानसभा क्षेत्र की राजनीति को गरमा दिया है। उन्होंने कहा कि बिजली का खंभा भ्रष्टाचार के अंधेरे को दूर करके खुशहाली का प्रकाश फैलाएगा। तरुण जैन ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि जनता से मिल रहे भरपूर समर्थन, कार्यकर्ताओं व मित्रों के हौसले की बदौलत वे हर हाल में चुनाव लड़ेंगे और विजयी होकर हिसार के हालात सुधारने के लिए जी-जान से जुट जाएंगे।

तरुण जैन ने कहा कि चुनाव के लिए नामांकन भरने के साथ ही उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के दौरान जनता का भरपूर स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव मैदान से हटने के लिए उन पर कई माध्यमों से दबाव बनाया गया लेकिन उन्होंने जनता के हितों के लिए अपने कदम पीछे नहीं हटाए हैं। पिछले 20 वर्षों के दौरान रहे हिसार के विधायकों व मंत्रियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी बातें की गई, लेकिन हिसार के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। अर्बन एस्टेट, आईजी चौक व कपड़ा मार्केट सहित विभिन्न क्षेत्रों में 20 वर्ष पहले भी जलभराव होता था, आज भी होता है। इसी भांति 20 वर्ष पहले भी कूड़े के ढेर लगे रहते थे, वर्तमान समय में भी यही हालात हैं। इतना ही नहीं जर्जर सड़कों व गलियों से संबंधित समस्याएं भी जस-की-तस हैं। इसके बावजूद हिसार के पूर्व विधायक व मंत्री किस मुंह से वोट मांग रहे हैं।

तरुण जैन ने कहा कि पूर्व विधायक व मंत्री विजयी होते ही दिल्ली, मुंबई या इंदौर का रुख कर लेते हैं और जनता उन्हें ढूंढती रह जाती है। उन्होंने कहा कि उनका आवास सेक्टर-13 में है और इसके पास ही कार्यालय है। वे 24 घंटे यहीं होते हैं, कोई भी शहरवासी किसी भी समय आकर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनके निदान के भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे लोग राजनीति में नहीं आएंगे तो बुरे लोग हावी हो जाएंगे। इसलिए शहरवासियों का कर्तव्य बनता है कि वे सही उम्मीदवार को चुनें और सहयोग करते हुए उसे विजयी बनाएं।

जनता के उम्मीदवार तरुण जैन से पत्रकारों ने पूछा कि आपके पोस्टर व फ्लैक्स हर बार की तरह क्यों फाड़ दिए गए। इस बात का खुलासा करते हुए तरुण जैन ने कहा कि चाहे किसी भी त्योहार या उत्सव पर उन्होंने शुभकामनाओं के पोस्टर लगवाए हों हर बार षडयंत्र रचकर उन्हें फड़वा दिया गया। इसी परम्परा को कायम रखते हुए अब चुनाव से संबंधित पोस्टर व फ्लैक्स को फड़वा दिया गया है। फटा पोस्टर निकला हीरो फिल्म का उल्लेख करते हुए तरुण जैन ने कहा कि बार-बार पोस्टर फाड़कर विरोधी उन्हें हीरो बनाना चाहते हैं।

जनता के उम्मीदवार तरुण जैन ने अपने साथियों व समर्थकों के साथ मॉडल टाउन में संतोषी मिष्ठान भंडार से जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इस दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। कुछ दुकानदारों ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से भी अवगत करवाया। तरुण जैन ने आश्वस्त किया के वे हर हाल में समस्याओं का निदान करवाएंगे। अभियान को आगे बढ़ाते हुए पीएलए के कुछ क्षेत्र में भी जनसंपर्क किया गया।




### तरूण जैन ने प्रदर्शित किया चुनाव चिह्न बिजली का खंभा

चुनाव चिह्न बिजली का खंभा अलॉट होते ही जनता के उम्मीदवार तरुण जैन ने पत्रकारों के समक्ष अपनी भावी योजनाओं व विचारधारा को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उन पर कई तरह से दबाव बनाया गया लेकिन जनता के हितों के लिए वे हर हाल में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बिजली का खंभा चुनाव चिह्न दिखाते हुए वोट देने की अपील भी की।

# गाजियाबाद स्वछता ही सेवा - असली मानव धर्म - देवेंद्र कुमार माई भारत के अंतर्गत आज दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन का आयोजन

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** नेहरू युवा केंद्र , युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, भारत सरकार एवं खेल विभाग के तत्वाधान में उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में महामाया स्टेडियम गाजियाबाद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुमारी पूनम बिश्नोई उप क्रीड़ाअधिकारी गाजियाबाद द्वारा किया गया अन्य अतिथियों में नेहरू युवा केंद्र के रिटायर्ड उपनिदेशक राजेश जादौन दुर्गेश शर्मा अध्यक्ष महिला उन्नति संस्थान आदि उपस्थित रहे। उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के विषय में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित एवं जागरूक करना एवं स्वच्छता का महत्व बताया गया तथा पूरे पखवाड़े में आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी की गई । कार्यक्रम में




सभी युवाओं को स्वच्छता की शपथ सुश्री पूनम विश्नोई ने दिलाई ।इसके बाद देवेंद्र कुमार उपनिदेशक द्वारा एछढ कार्यक्रम की जानकारी दी गई जिसमें एम एम जी हॉस्पिटल गाजियाबाद में दिनांक 17 सितंबर 2024 से एक महीने तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जिसमे 10 स्वयंसेवक हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देंगे।सभी युवाओं को टोपी और टी शर्ट पेन नोटपैड आदि का वितरण किया गया उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत सभी युवाओं द्वारा महामाया स्टेडियम, पेट्रोल पंप, नया बस अड्डा गाजियाबाद, रैपिड रेल स्टेशन गाजियाबाद, शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन गाजियाबाद पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया तथा युवाओं द्वारा रैली निकाली गई कार्यक्रम के अंत में नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद कार्यालय पर कार्यक्रम का समापन हुआ तथा सभी युवाओं को रिफ्रेशमेंट दिया गया कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक तालिब का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन फरमूद अख्तर द्वारा किया गया। अंत में 10 युवाओं को राकेश कुमार, मुख्य स्वास्थ्य अधीक्षक, एम एम जी हॉस्टिटल से मिलाया गया जो वह अपनी सेवाएं देंगे।

## संजय नचेयरमैन द्वारा निटरा का 19वें दीक्षान्त एवं पुरस्कार वितरण समारोह



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** निटरा का 19वां दीक्षान्त एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार, दिनांक 17 सितम्बर, 2024 को निटरा, गाजियाबाद में सम्पन्न हुआ। नामचीन उद्योगपति एवं निटरा प्रशासनिक परिषद के चैयरमैन विदित जैन संयुक्त एमडी, पशुपति स्पिनिंग एण्ड वीविंग मिल्स लि., डिप्टी चैयरमैन सन्दीप होरा, सी.ई.ओ. एरोनव इंडस्ट्री एवं भूतपूर्व चेयरमैन राजकुमार जैन, एम.डी. जोनक निटिंग मशीन्स प्रा. लि. उपस्थित थे। साथ ही डा. अरिन्दम बासु, महानिदेशक, निटरा, डा. एम. एस. परमार, निदेशक (निटरा) एवं अन्य आमंत्रित गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। दीक्षान्त समारोह में 103 से अधिक छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र तथा मेडल वितरित किये गये।महानिदेशक निटरा ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि वस्त्र एवं परिधान उद्योग में प्रशिक्षित कामगारों की आवश्यकता को देखते हुए निटरा ने लघुकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 2002 में आरम्भ किये। तब से अब तक निटरा नें 86 पूर्णसमय और 71 दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा 3,400 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया और उन्हें रोजगार भी दिलाया है। निटरा बहुत सारे उद्योग आधारित पूर्णसमय एवं दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है, जैसे कि गारमेन्ट मैन्यूफैक्चरिंग, डिजाइनिंग, मर्चेन्डाइजिंग एण्ड क्वालिटी एश्योरेन्स। उन्होंने आगे कहा कि आज निटरा के पास हुए छात्र 100 से अधिक विभिन्न उद्योगों में कार्यरत हैं। निटरा चेयरमैन ने अपने विशेष भाषण में इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि 75 से अधिक अग्रणी वस्त्र एवं परिधान एक्सपोर्ट हाउसों, टेस्टिंग प्रयोगशालाओं और बाइंग हाउसों जैसे शाही एक्सपोर्टस, ओरिएन्ट क्राफ्ट, आरिएन्ट फैशन्स, पर्ल एपेरल्स, मैट्रिक्स क्लोदिंग, मराल ओवरसीज, रैडनिक एक्सपोर्टस, ब्लैकबेरीज, इंटरटेक, एसजीएस आदि ने निटरा के छात्रों का चयन किया। उन्होंने यह भी बताया कि निटरा के एल्यूमिनी कई वस्त्र एवं परिधान उद्योगों में सीनियर स्तर जैसे प्रोडक्शन हेड, क्वालिटी हेड, फैक्ट्री मैनेजर, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग हेड आदि पदों तक पहुंच चुके हैं। इन कार्यक्रमों का पाठ्यक्रम उद्योगों के सदस्यों से विचार विमर्श करके बनाया जाता है और उसमें उद्योग की आवश्यकता के अनुसार लगातार सुधार किया जाता है। डिप्टी चेयरमैन ने अपने दीक्षान्त भाषण में बताया कि भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग का उत्पादन आने वाले वर्षों में और बढ़ेगा और इसीलिये हमें और अधिक प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी। इस उद्योग में और अतिरिक्त रोजगार दिलाने की दिशा में निटरा बहुत प्रसंशनीय कार्य कर रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### गाजियाबाद उपचुनाव में खेला कर सकती है कांग्रेस–सपा, इखढ की बढ़ रही टेंशन

संस्कार उजाला

**माधव कुमार संवाददाता**



**गाजियाबाद** विधानसभा सीट पर उपचुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। विधानसभा उपचुनाव को लेकर जल्द ही चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। कांग्रेस और सपा में टिकट के दावेदारों की लाइन लगी है। संगठन स्तर पर अभी जिला और महानगर कांग्रेस की कमेटी का गठन नहीं हो सका है। जबकि सपा से गठबंधन में कांग्रेस इस सीट पर दावेदारी कर रही है। गाजियाबाद। भाजपा से वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद सीट से विधायक बने अतुल गर्ग को पार्टी ने लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा, जिसमें वह बड़े अंतर से जीतकर संसद पहुंच गए। अब गाजियाबाद विधानसभा सीट रिक्त है और यहां उपचुनाव होना है। विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरने के लिए कांग्रेस में दावेदारों की लंबी कतार है, लेकिन बात संगठन के नाम पर अभी तक जिला और महानगर कमेटी का गठन नहीं हो सका है।

### गाजियाबाद आएंगे सीएम योगी, ऐसा रहेगा ट्रैफिक डाइवर्जन

संस्कार उजाला

**माधव कुमार संवाददाता**




**गाज़ियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ 18 सितंबर को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। सीएम की सुरक्षा में पांच स्तरीय सुरक्षा रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन प्लान भी जारी किया है। इस प्लान के अनुसार रामलीला ग्राउंड और उसके आसपास के रास्तों पर ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 18 सितंबर को घंटाघर कोतवाली के रामलीला ग्राउंड में उपस्थित रहेंगे। इसके मद्देनजर होने वाले कार्यक्रम को लेकर पुलिस के द्वारा तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। सीएम की सुरक्षा में पांच लेयर सुरक्षा रहेगी। सीएम के कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक पुलिस की तरफ से डायवर्जन प्लान जारी किया गया है। इसमें रामलीला ग्राउंड और उसके आसपास के रास्तों पर ट्रैफिक को डायवर्जन किया है।

### गाजियाबाद में बंद घर में घुसे चोर, खाना बनाकर खाया; मजे किए और चुरा ले गए 40 लाख

संस्कार उजाला

**माधव कुमार संवाददाता**



**गाजियाबाद** के राजेंद्र नगर सेक्टर तीन में सेवानिवृत्त शिक्षिका के बंद घर से चोर लाखों रुपये के गहने और अन्य सामान चुरा ले गए। पीड़िता अपनी बेटी के पास आंख का ऑपरेशन कराने के लिए गुरुग्राम गई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साहिबाबाद। कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर सेक्टर तीन के अंगूरी पार्क में सेवानिवृत्त शिक्षिका के बंद घर से चोर करीब 40 लाख रुपये के सोने चांदी व हीरे के गहने, विदेशी मुद्रा समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना के दौरान पीड़िता गुरुग्राम में रहने वाले बेटी के पास आंख का ऑपरेशन कराने के लिए गई थीं। 14सितंबर को सुबह पहुंची तो चोरी का पता चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर सेक्टर तीन की अंगूरी पार्क कॉलोनी की नीता पाल ने बताया कि वह यहां पर सहायिका के साथ रहती हैं। वह निजी स्कूल से सेवानिवृत्त हैं।

### 500 रुपये के लिए दोस्त को दे दिया जहर, मौत; पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

संस्कार उजाला

**माधव कुमार संवाददाता**



**गाज़ियाबाद।** साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पर एक दोस्त ने अपने दूसरे दोस्त को चूर्ण में कीटनाशक मिलाकर मार दिया। मामला हालांकि साल 2022 का है। विसरा रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने 15 सितंबर 2024 को मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साहिबाबाद। लिंक रोड थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में युवक ने सहकर्मी एवं दोस्त को चूर्ण में कीटनाशक मिलाकर देकर मार दिया। मामला छह जुलाई 2022 का है। पीड़ित के स्वजन रिपोर्ट दर्ज कराने और कार्रवाई के लिए चक्कर काटते रहे।उस दौरान कार्रवाई नहीं हुई। विसरा रिपोर्ट आने पर पुलिस ने मामले में 15 सितंबर 2024 को मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया है। उधार लिए पांच सौ रुपये नहीं देने पर आरोपित ने सहकर्मी को मारा था।

### गाजियाबाद में फिर गरजेगा बुलडोजर! सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक्शन तेज–NHAI

संस्कार उजाला

**गाज़ियाबाद।** दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे (डीएमई) एनएच–9 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे (ईपीई) परअतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं। प्रशासन एक्शन की तैयारी कर रहा है। यहां पर कभी भी बुलडोजर चल सकता है। एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सबसे अधिक अतिक्रमण वाले जगहों पर एक्शन लिया जा रहा है। डीएमई और ईपीई का अतिक्रमण हटाने की तैयारी तेज हो रही है। गाजियाबाद। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे (डीएमई), एनएच–9 और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे (ईपीई ) पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए योजना बनाई जा रही है। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इन दिनों सबसे अधिक अतिक्रमण वाले प्वाइंटस को चिन्हित किया जा रहा है। इस सर्वे के बाद एनएचएआई की टीमें यूपी गेट से लेकर मेरठ तक डीएमई (DME) और एनएच–9 पर जल्द ही कार्रवाई की तैयारी में है। एनएचएआई (NHAI) के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उनका दावा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से अतिक्रमण हटाने को लेकर संयुक्त समिति का गठन किया जाएगा।

### गाजियाबाद समाजसेवी युवा भाजपा नेता सौरभ यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन किया गया

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**




श्री राम गौरव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गाजियाबाद सौरभ यादव ने तिजारा अलवर पहुंचकर पूर्व सांसद अलवर तथा पूर्व मठाधीश अस्थल बोहर मठ रोहतक हरियाणा के पूज्य ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी जी की सप्तम स्मृति दिवस तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय माननीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे अपने साथियों संग पहुंचकर सहभागिता की और पूज्य ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी जी को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए हवन यज्ञ कर भगवान से प्रार्थना की गई और महंत बालक नाथ योगी ने सभी को देशहित मे अधिक से अधिक रक्तदान व वृक्षारोपण, स्वछता के लिए प्रेरित किया और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के लिए आहावान किया इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मठाधीश अस्थल बोहर मठ रोहतक हरियाणा महंत बालक नाथ योगी ने युवा भाजपा नेता व निदेशक श्री राम गौरव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गाजियाबाद सौरभ यादव को सामाजिक गतिविधियों व युवाओं को खेल व शिक्षा के क्षेत्र व देशहित में कार्य के लिए प्रेरित करने के लिए उनके कार्यो की सराहना की व उन्हे स्मृति चिन्ह भेट किया इस दौरान मुख्य रूप से योगी रामनाथ, पूर्व विधायक तिजारा मामन सिंह यादव, पीसी गुप्ता, जेपी प्रधान, देशपाल यादव, प्रवीण राव, विवेक राव, यादवेंद्र यादव,नवीन यादव, विक्रम यादव, दिनेश यादव, नितेंद्र यादव, ओमवीर चौहान, कुलदीप यादव, बने सिंह बिधूड़ी, विजय यादव आदि के साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोग व उनके अनुयाई उपस्थित रहे।

# जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ा जोर

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** पारिवारिक मिलन जाट समाज के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी के आह्वान पर महामंत्री अरुण चौधरी भुल्लन ने जाट युवक युवती 11 परिचय सम्मेलन की तैयारी कार्य समिति की एक बैठक का आयोजन आरडीसी राजनगर स्थित कार्यालय पर किया बैठक में सभी पदाधिकारी सदस्यों से चर्चा वार्ता करके 6 अक्टूबर को एनआर ग्राउंड वेव सिटी में होने वाले परिचय सम्मेलन की तैयारीयो का खाका तैयार किया। जिसके अंतर्गत पंजीकरण से लेकर सभी अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां के आवंटन पर




कार्यभार भी सोपा गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया 11 परिचय सम्मेलन समाज के लिए शुभ शगुन महोत्सव के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों से इस आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए सुझाव भी प्राप्त किए। आस पास के जिलों में जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन में आवेदन के सरलीकरण हेतु 170 केंद्र बनाकर सभी विवाह योग्य पात्रों का पंजीकरण के माध्यम से डाटा तैयार किया जा रहा है। उसकी एक पुस्तिका भी तैयार हो रही है। परिचय सम्मेलन में आने वाले परिवारों को जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन की पुस्तिका उपलब्ध रहेगी। विवाह हेतु रजिस्ट्रेशन अभी खुला है।इस दौरान राजकुमार चौधरी,अरुण चौधरी भुल्लन , सुनील चौधरी गोटगांव , धर्मेंद्र चौधरी , देवव्रत चौधरी ,डॉक्टर सरोज सिरोही, मनोज चौधरी,वंदना चौधरी, डॉ मोना सिंह, प्रदीप चौधरी , सुभद्रा चाहर, करुणा चौधरी, विक्रांत चौधरी , दीपक चौधरी ,जगबीर सिंह , गुड्डू हसनपुर , संगीता चौधरी ,सनी चौधरी , सुचेता सिंह आदि मौजूद रहे।

## आगामी रामलीला मंचन से पूर्व संजय नगर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित की गई आम सभा की बैठक



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** आगामी रामलीला मंचन से पूर्व शहर में सभी रामलीला कमेटियों द्वारा रामलीला के आयोजन की तैयारियाँ पूरे जोर–शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर द्वारा आगामी रामलीला मंचन की तैयारियों को लेकर सोमवार को कमेटी अध्यक्ष संजीव चौधरी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण आम सभी की बैठक का आयोजन किया गया। इस सभा में कमेटी के सभी सदस्यों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमियों ने भाग लिया। सभा में आगामी रामलीला मंचन संबंधी सभी कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मंचन के लिए आवश्यक बजट, कलाकारों के चयन, और मंच सजावट आदि विषयों पर भी गहन विचार–विमर्श हुआ। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि इस वर्ष की रामलीला को और अधिक भव्य और यादगार बनाया जाएगा। इसके लिए कई नई पहलें करने का निर्णय लिया गया है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि, ऱहम सभी मिलकर इस वर्ष की रामलीला को एक ऐतिहासिक मंचन बनाना चाहते हैं। हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि इस मंचन के माध्यम से हम धर्म और संस्कृति के प्रति लोगों का लगाव और बढ़ा सकें।ऱइस आम सभा में कमेटी की संरक्षक कौशल शर्मा द्वारा स्थानीय पार्षद पप्पू नागर व पूर्व पार्षद मनवीर नागर को कमेटी का संरक्षक बनाने का प्रस्ताव रखा गया जिसका पूरे सदन व उपस्थित आम सभा द्वारा हाथ उठाकर ध्वनिमत से समर्थन किया गया। जिसके बाद अध्यक्ष संजीव चौधरी द्वारा पार्षद पप्पू नागर व पूर्व पार्षद मनवीर नागर को ससम्मान कमेटी का संरक्षक नियुक्त करने की घोषणा की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री सुदर्शन शर्मा, कोषाध्यक्ष तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी अनुज राघव के अतिरिक्त मोहन सिंह रावत, रविन्द्र सिंह राणा, किरणपाल सिंह तेवतिया, अशोक चांदीवाल, कौशल शर्मा, उमेश पप्पू नागर, राजकुमार शर्मा, डी०पी० नागर, प्रदीप चौधरी, अरुण शर्मा, ब्रजेश शर्मा, सुमित चौहान, अखिलेश सिंह, के. के. शर्मा, ब्रह्मपाल गुर्जर, हरपाल सिंह, झम्मन चौधरी, हरीश शर्मा, हरेंद्र यादव, अमित गोस्वामी, भूषण शर्मा, राहुल शर्मा, विक्रान्त राणा, खचेडू शर्मा, ऋषभ चौधरी, निखिल कुमार वर्मा, करण सिंहँ, उमेश रुहेला, अंकुर शिशोदिया, दीपक राणा, पूनम शर्मा, भावना जौहरी, विवेक बालियान, सतीश चौधरी, अनिल माथुर, शिवम कुमार, सिद्धार्थ चौहान, गर्व ठाकुर व अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी का जन्मदिन पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का किया शुभारम्भ

### स्वच्छ भारत के लिए पीएम मोदी ने बनाया स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन कांता कर्दम

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ के दौरान नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ स्थल पर स्वच्छता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहीद स्थल पर शहीदों की मूर्तियों व स्थल को साफ कर उनका मल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस दौरान कांता कर्दम ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के निदेर्शानुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आन पर स्वच्छता अभियान को आम जनता ने एक जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है।




प्रधानमंत्री के स्वच्छता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हमें एक आदत बनाकर अमल करना होगा। अपने व्यवहार में स्वच्छता के साथ ही अपने आसपास भी स्वच्छता रखना चाहिए। स्वच्छता के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। पहला– आमजनता की भागीदारी, दूसरा– स्वच्छता के लिए श्रमदान और तीसरा स्तंभ है सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रित गतिविधियों का संचालन।स्वच्छता का काम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पूरे समाज को आगे आना होगा। उन्होंने अपील की कि ह्लस्वच्छता ही सेवा अभियानह्व में बढ़ चढ़कर स्वेच्छा से हिस्सा लें। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 2 अक्तूबर तक महानगर में होगा। सेवा पखवाड़ा के तहत नगर, गांव, गली, मोहल्लों, चौपालों समेत सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य किया जाएगा। आज सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा पूर्व महापौर आशु वर्मा पूर्व महापौर आशा शर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा , डॉक्टर केशव त्यागी, अरविंद भारती, महेश अग्रवाल,सरदार एसपी सिंह, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, वरिष्ठ पार्षद अनिल स्वामी, प्रदीप चौहान , महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम ,उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, रनिता सिंह, कुलदीप त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, संजीव झा, राजीव अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता शर्मा, लवली कौर, किरण सिंह, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, वीरेंद्र सारस्वत, राजेंद्र तितौरिया, सचिन डेढ़ा, हरप्रीत सिंह, पंकज भारद्वाज, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गड़बड़ी करने वाले सिस्टम से बाहर होंगे-नितिन गडकरी गुणवत्ता से समझौता करने वाली विदेशी कंपनियों को भी नहीं बख्शेंगे

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** केंद्रीय सड़क–परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण काम नहीं करने वालों को सिस्टम से बाहर किया जाएगा। यदि विदेशी फर्म भी गुणवत्तापूर्ण काम नहीं करेगी तो उसे ब्लेकलिस्ट करने का काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद गडकरी ने कहा कि




उन्होंने राज्यमंत्री को निर्देशित किया है कि आप स्वयं निरीक्षण करें। बेहतर काम करने वाले पुरस्तकृत भी होंगे काम में लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता करने वालों को वॉर्निंग देने के साथ साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने बेहतर काम करने वाली कंपनियों और फर्मों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि जो बेहतर काम करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। इस्टर्न पैरिफेरल वे इंटरचेंज मुरादनगर पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और अजय टमटा के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के.सिंह भी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011